दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। रविवार 05 मई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 205 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## पूर्व पीएम देवेगौड़ा के पोते के लिए किया गया लुकआउट नोटिस जारी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजनीति में हलचल मची हुई है। कई महिलाओं से यौन शोषण के आरोप झेल रहे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उनके खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज हो गया है। वहीं, प्रज्वल रेवन्ना और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ एक बार फिर लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। इसकी जानकारी खुद गृह मंत्री जी परमेश्वर ने दी। वहीं, सीएम सिद्धारमैया ने इस मामले को लेकर एसआईटी अधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही अधिकारियों को जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए।गृह मंत्री परमेश्वर ने बताया, 'हमने एचडी रेवन्ना और प्रज्वल रेवन्ना दोनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। हमने एचडी रेवन्ना को लुकआउट नोटिस जारी किया था क्योंकि वह विदेश जाने की योजना बना सकते हैं। लेकिन दूसरा नोटिस कल दिया गया। उनके पास नोटिस का जवाब देने के लिए आज शाम तक का समय है।'

कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा, 'रेवन्ना ने मैसूर अपहरण मामले में भी जमानत की अर्जी लगाई है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।'

### रेवन्ना के घर पहुंची एसआईटी

एसआईटी के अधिकारी जेडीएस नेता एचडी रेवन्ना और प्रज्वल रेवन्ना के होलेनारसिपुरा स्थित आवास पर पहुंचे हैं। दो मई को मैसूरु जिले के केआर नगर पुलिस स्टेशन में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसकी मां 29 अप्रैल से लापता है और बाद में, उसके यौन उत्पीड़न के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। अपनी शिकायत में व्यक्ति ने कहा कि उसने और उसकी मां ने होलेनरासीपुरा में रेवन्ना के आवास और फार्महाउस पर छह साल तक काम किया। हालांकि, उसने तीन साल पहले नौकरी छोड़ दी थी।

### यह है मामला

बता दें कि 33 वर्ष के प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस सुप्रीमो एचडी देवगौड़ा के पोते और विधायक व पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे हैं। उनके खिलाफ कई महिलाओं के साथ यौन शोषण के आरोप लगाए गए हैं और कई इससे जुड़े कई वीडियो वायरल हो गए हैं। राज्य सरकार ने इस मामले में एसआईटी का गठन किया है। प्रज्वल कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक जैसे ही सांसद से जुड़े वीडियो सामने आने लगे, वह वोटिंग खत्म होने के बाद वह देश छोड़कर भाग गए।

## वरदान हॉस्पिटल में किया गया दिव्यांग बच्चों के लिए नेशनल हेल्थ फेस्ट का आयोजन





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** स्पेशल ओलंपिक भारत की राज्य समिति के सदस्य ललित जायसवाल ने कहा है कि स्पेशल ओलम्पिक भारत दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाला एक प्रमुख और सक्षम संगठन के रूप में समाज में जाना जाता है। स्पेशल ओलंपिक भारत ने वर्ष 2023 में बर्लिन ओलंपिक्स में 199 मैडल लाकर भारत के गौरव को बढ़ाने का काम किया। करोना महामारी के बाद जब दो वर्ष तक मानसिक दिव्यांगता क्षेत्र में काम करने वाले बच्चों सहित सम्पूर्ण समाज घरों में रह रहा था तब स्पेशल ओलंपिक भारत ने यह लक्ष्य तय किया कि अब हमारे बच्चे घरों से

पढ़ें, शेष पेज 12

## टॉयलेट प्रकरण: सरकारी पैसे का नहीं होने दूंगा दुरुपयोग: धीरज अग्रवाल



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम की खबर के बाद वो ताला खुला है जो ढाई साल से बंद था। इस दो पार्षद बदल गये और मौजूदा पार्षद ने टॉयलेट की लागत को लेकर सवाल उठा दिया था। दैनिक करंट क्राइम ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया और खबर का असर ये हुआ है कि इन्दिरापुरम में जिस टॉयलेट पर ढाई साल से ताला लगा था वो ताला खुल गया है।

ताला खुलने के बाद टॉयलेट में रंगाई पुताई का काम शुरू हो गया है। मामला इन्दिरापुरम के नीतिखण्ड इलाके में हाथी वाले पार्क के सामने बने टॉयलेट का है। इस टॉयलेट का निर्माण ढाई साल पहले हुआ था। दैनिक करंट क्राइम ने जब इस खबर को प्रकाशित किया था तो ये बताया था कि ये टॉयलेट सुलभ समाज सेवा स्वच्छता योजना के तहत बना है। है। इस टॉयलेट के निर्माण में लगभग 20 लाख रुपए की लागत आई है।

शनिवार को टॉयलेट प्रकरण को लेकर वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा बिल को सही करना होगा।

मैं सरकारी पैसे का दुरुपयोग नहीं होने दूंगा, इस मामले को लेकर महापौर सुनीता दयाल से भी बात की गई है। उन्होंने गलत बिल को पास नही किया जाएगा। इस कि विपक्ष जांच की गई।

धीरज अग्रवाल ने बताया साढ़े चार सौ एस्क्वायर फुट के करीब टॉयलेट बनाया गया है। इसकी कीमत करीब 10 लाख के करीब कि आई होगी। लेकिन बिल 20 लाख के करीब का बना रखा है, जो मैं कभी पास नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा टॉयलेट की व्यवस्था होनी चाहिए क्योंकि जनता परेशान होती है।

## 10 करोड़ की साइबर ठगी करने वाले पांच गिरफ्तार

### डीसीपी ट्रांस हिंडन और एसीपी की टीमों ने दबोचा पूरा गैंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कौशांबी थाना पुलिस और साइबर टीमों ने पांच ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो आम लोगों से बैंक खाता खुलवा कर उनके कागजात अपने पास रखते थे। दूसरे लोगों से जालसाजी से इन एकाउंट में पैसे मंगाया करते थे।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि कौशांबी थाना पुलिस को यह सूचना मिली थी कि कुछ लोग दिल्ली-एनसीआर समेत गाजियाबाद में लोगों के कागजातों के जरिए बैंक खाता खुलवाकर उन बैंक में फर्जी तरीके से लोगों से ठगी कर लाखो रुपयों को मंगाया करते थे। उन बैंक खातों के एटीएम से ट्रांजेक्शन कर मोटी रकम विड्रॉल कर फरार हो जाया करते थे। अब तक यह सभी लगभग 10 करोड़ रुपए की ठगी कर चुके हैं।

### फोन, टैब, एटीएम और कैश बरामद



एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने बताया है कि पकड़े गए आरोपियों के नाम आकाश त्यागी, मनोज कुमार, अमरेश कुमार सिंह, नमन जैन और नीतिश शर्मा हैं। पुलिस ने इनके पास से पुलिस ने सात मोहरे, 10 मोबाइल फोन, एक टेब, 41 एटीएम, 5 चेक बुक, 4 वोटर आईडी कार्ड, 4 आधार कार्ड, 4 पैन कार्ड दो ड्राइविंग लाइसेंस और घटना में प्रयुक्त एक होंडा सिटी कार बरामद की है। काउंट खुलवाकर उनके कागजात अपने पास रखते थे।

**सोशल मीडिया पर करते थे संपर्क :** यह लोग भोले भाले लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाकर उनके कागजात अपने पास रखते थे। उसके बाद दूसरे जिले या राज्यों से सोशल मीडिया के जरिए लोगों से ठगी करके पैसे इन अकाउंटों में मंगाया करते थे और फिर इन अकाउंटों से वह पैसे निकाल लिया करते थे।

## एसीपी सिटी ने मारा होटल में छापा, मिले कई संदिग्ध



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मतदान खत्म होने के बाद अब पुलिस के अधिकारी पुलिसिंग में जुट गए हैं। बीते दिनों एसीपी सिटी प्रियाश्री पाल ने रात्रि चेकिंग के दौरान बजरिया के कई होटलों में एक साथ छापेमारी की कार्रवाई की। जहां उन्हें कई संदिग्ध मिले। इस दौरान पुलिस ने दो सिख युवकों को हिरासत में लिया, जिनके पास दरवाजे और लॉक खोलने के उपकरण मिले। साथ ही उनकी जो आईडी थी वह भी ठीक नहीं थी। इस दौरान जानकारी यह मिली है कि उनके दो साथी होटल में पुलिस पहुंचने की जानकारी मिलने पर खाना लेने के लिए गए थे लेकिन लौट ही नहीं।

**बिहार से भाग प्रेमी युगल गलत आईडी पर रूम में मिले :** करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिस दौरान एसीपी सिटी प्रियाश्री पाल होटल में छापेमारी की कार्रवाई कर रही थी, इस दौरान गलत आईडी पर एक प्रेमी युगल भी मिला। जानकारी है कि युवती के परिजन उसकी कहीं दूसरी जगह शादी कर रहे थे, इसीलिए वह प्रेमी के साथ भागकर यहां चले आये थे। बाद में पुलिस ने बिहार पुलिस से इस मामले में संपर्क किया था।

# चुनाव खत्म होते ही बढ़ गया है क्राइम का ग्राफ, 24 घंटे में अपहरण के बाद दो हत्याओं ने उठाए पुलिसिंग पर सवाल

## सिटी से लेकर नदिया पार तक हुआ अपराध

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अकसर देखा जाता है कि चुनावी सीजन में क्राइम रेट कम हो जाता है लेकिन गाजियाबाद में चुनाव खत्म होते ही अचानक से क्राइम ग्राफ में बढ़ोतरी हुई है। बीते 24 घंटे के दौरान गाजियाबाद में दो सनसनीखेज हत्याएं हुई हैं। जिसमें अपहरण के बाद आरोपियों ने दो लोगों को मौत के घाट उतारा है। एक मामला नदियापार तो दूसरा सिटी जोन का है। दोनों मामलों में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। सिटी वाले मामले में कई आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। तो वहीं नदियापार वाले मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज पर काम कर रही है। क्राइम आंकड़ों पर नजर डालें तो 26 अप्रैल से लेकर अब तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत चार हत्या के मामले प्रकाश में आ चुके हैं। इन दिनों वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस फोर्स की कमी चल रही है। बड़ी संख्या में फोर्स तीसरे चरण के चुनाव के लिए भेजा गया है। कम फोर्स में बदमाश पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं और क्राइम का ग्राफ तेजी से बढ़ गया है।



**बीते दिनों की प्रमुख वारदात :**

- 27 अप्रैल को पूर्व सैनिक ने बेटी के दोस्त की गोली मारकर हत्या की।
- 30 अप्रैल को लोनी बस डिपो की कैंटीन में युवक को सात गोली मारी गई।
- 1 मई पिस्तौल दिखाकर महिला से मोबाइल व नकदी लूटी कवि नगर थानाक्षेत्र।
- 1 मई नंदग्राम थानाक्षेत्र में मोबाइल और कार लूट का मामला सामने आया।
- 3 मई को नंदग्राम में भाई ने की भाई की चाकू मारकर हत्या, आरोपी भाई शनिवार को हुआ गिरफ्तार।

## टाटा स्टील के सेल्स हेड की लूट के बाद हत्या, नाले में मिला शव

### शालीमार गार्डन पुलिस कर रही है विनय त्यागी हत्याकांड की जांच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में टाटा स्टील के नेशनल बिजनेस हेड विनय त्यागी की लूटपाट के बाद हत्या कर दी गई। उनका शव शुक्रवार की देर रात तीन बजे के आसपास घर से 3 किलोमीटर दूर एक नाले में मिला।



मृतक के पेट और सीने पर गहरे कट के निशान थे। साथ ही लैपटॉप, मोबाइल और पर्स गायब मिला है। पुलिस ने बिजनेस हेड विनय त्यागी की हत्या के मामले में मुकदमा लिखकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया है कि बिजनेस हेड विनय त्यागी का एक महीने पहले ही कोलकाता से दिल्ली ट्रांसफर हुआ था। वह परिवार के साथ साहिबाबाद के राजेंद्र नगर में रहते थे। मेट्रो से रोजआना जाना होता था। शुक्रवार की रात 11:30 बजे मेट्रो से लौट रहे थे।





11:30 बजे पत्नी को फोन किया और कहा कि 5 मिनट में घर पहुंच रहा हूं लेकिन इसके बाद उनका फोन ऑफ हो गया। देर रात पुलिस ने पूरे मामले में जब शिकायत मिलने पर जांच पड़ताल की तो उनका शव बीएसएनल ऑफिस के सामने खून से लथपथ मिला।

**परिजन रात भर ढूंढते रहे विनय को, पर मिला शव :** करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विनय के पिता विशंभर त्यागी ने बताया कि रात 11:30 बजे विनय लोकेशन भेजी कि आप मुझे लेने आ जाओ लेकिन फिर फोन आया कि मैं घर आ रहा हूं। 12:00 बजे तक इंतजार किया जब नहीं आए तो उस लोकेशन पर पहुंचे उनका फोन बंद था।

साथ ही यह भी जानकारी मिली है कि लोकेशन डिलीट की गई थी। उधर पुलिस ने बताया है कि देर रात नरेंद्र मोहन अस्पताल से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति का मिमो पहुंचा है। इसके बाद पुलिस वहां पहुंची और मामले की जांच की।

### परिजनों और परिवार का है बुरा हाल

करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरी घटना में बदमाश लोकल हो सकते हैं और वह लूटपाट करने वाले थे। मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने बताया है कि खेतान स्कूल राजेंद्र नगर नाले के पास से विनय की बॉडी मिली थी। विनय की पत्नी व उनके दो बेटे और विनय का भाई अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने मृतक की पहचान की। जानकारी है कि विनय त्यागी टाटा स्टील में पूरे इंडिया का बिजनेस देखते थे। सिर्फ टाटा स्टील ही नहीं बल्कि 6 से 7 कंपनी जो घाटे में चल रही थीं, उनको मुनाफे में लाने का काम भी विनय त्यागी ने किया था। हत्या के इस मामले में पुलिस की तीन टीमें, एसीपी और एसओ खुद जांच कर रहे हैं।

## दोस्त ने अपहरण के बाद साथी को उतारा मौत के घाट, मुठभेड़ के बाद आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नंदग्राम थानाक्षेत्र निवासी योगेंद्र शर्मा एक मई को अपने दफ्तर से लापता हो गए थे। योगेंद्र शर्मा का शव मेरठ के दौराला थाने इलाके में खाली मैदान में गड्ढे से मिला है। पुलिस मान रही है कि योगेंद्र की हत्या से पहले उनका अपहरण किया गया और फिर फिरौती मांगी गई। जब योगेंद्र द्वारा इसका विरोध किया गया तो उसके बाद हत्या कर दी गई। पुलिस हत्याकांड में संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि जिन पर हत्या का आरोप है वह योगेंद्र के दोस्त हैं। नंदग्राम थानाक्षेत्र के गांव सिकरोड़ का रहने वाले देवेंद्र शर्मा भट्ट कारोबारी हैं। जानकारी है कि देवेंद्र के दो बेटी और एक बेटा योगेंद्र था। देवेंद्र ने बताया कि उनका बेटा योगेंद्र सिकरोड़ में डीके ट्रेडर्स के नाम से ऑफिस चलता है। एक मई को वह ऑफिस बंद करके घर को निकले लेकिन घर नहीं पहुंचे। काफी तलाश के बाद योगेंद्र की गुमशुदगी पुलिस ने लिखी। पुलिस व परिजन योगेंद्र की तलाश कर रही थी। तभी मेरठ से पुलिस को सूचना मिली कि एक डेड बॉडी बरामद हुई है। जो जांच के बाद लापता योगेंद्र की निकली।

### 40 हजार की थी लेनदेन जो बनी हत्या की वजह

पुलिस से जानकारी मिली है कि आरोपी विकास ने बताया कि योगेंद्र के पिता देवेंद्र ने विकास को अपना गैराज किराए पर दिया हुआ था। 40 हजार रुपये विकास ने किस्तों में दे दिए लेकिन 40 हजार रुपये पर बकाया थे। योगेंद्र लगातार पैसों का तगादा करता था और यही उसकी हत्या का कारण बना। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक विकास और योगेंद्र की आपस में दोस्ती थी, इसलिए अपहरण करने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। विकास ने योगेंद्र को ओला कार में बैठाया और मेरठ लेकर चला गया और वहीं कुछ नशीली गोली खिलाकर लोहे की रॉड मारकर उसकी हत्या कर दी गई।

### मुठभेड़ के बाद दबोचा गया आरोपी

करंट क्राइम : योगेंद्र की हत्या के मामले में पुलिस ने शनिवार की देर रात मुठभेड़ के बाद आरोपी विकास और इस पूरे मामले में उसकी मदद करने वाले दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया है हत्या आरोपियों में विकास मुख्य आरोपी और उसके दो साथी सहयोगी की भूमिका में काम कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

आरोपी विकास के मुठभेड़ में पैर में गोली भी लगी है जबकि मनीष और रोहित गिरफ्तार हैं।

### आरोपी परिवार वालों के साथ ढूंढ रहा था योगेंद्र का शव



इस पूरे मामले में सबसे बड़ी हैरानी की बात है कि विकास पर ही योगेंद्र की हत्या का आरापे है और वह योगेंद्र का शव खोजने के लिए परिवार और पुलिस के साथ-साथ घूम रहा था लेकिन जब पुलिस को शक हुआ तो पुलिस ने विकास को हिरासत में लिया और उससे सख्ती से पेश आया आई। तो उसने अपना जुर्म कबूल किया। इस पूरे मामले में पुलिस कई और लोगों से पूछताछ कर रही है। जल्द ही इसका सिलसिलेवार ढंग से पुलिस खुलासा करेगी।

# अपने ही बढ़ा रहे कांग्रेस की मुश्किलें, दो दावेदारों ने पार्टी ही छोड़ी



पटियाला। पंजाब में 2019 के लोकसभा चुनाव में आठ सीटों के साथ नंबर वन रही कांग्रेस के लिए इस बार कई चुनौतियां हैं। पंजाब की 13 लोकसभा सीटों में से छह पर जहां टिकट न मिलने से दावेदारों में भारी नाराजगी पाई जा रही है और इससे अंदरूनी गुटबाजी बढ़ी है। वहीं, दो सीटों पर नाराज नेताओं ने पार्टी को ही अलविदा कह दिया है, जबकि पंजाब विधानसभा में कांग्रेस के उपनेता रहे डॉ. राजकुमार चब्बेवाल ने पार्टी को अलविदा कहकर आप जॉइन कर ली। इसके बाद चब्बेवाल को ही आप ने होशियारपुर सीट से कांग्रेस के खिलाफ मैदान में उतार दिया है। ऐसे में अपनों के चलते ही इस बार के चुनावों में कांग्रेस का खेल बिगड़ सकता है। हालांकि, नेता विपक्ष प्रताप सिंह बाजवा अब खुद आगे आकर इन सीटों का दौरा करके डैमेज कंट्रोल में जुट गए हैं। यह प्रयास कितना सफल होगा, यह तो चार जून को मतगणना के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा, लेकिन फिलहाल पंजाब में कांग्रेस में बढ़ते इस अंदरूनी अंतर्कलह से पार्टी हाईकमान भी चिंता में है। यही वजह है कि राहुल गांधी खुद फोन करके नाराज नेताओं को मनाने की कोशिश कर रहे हैं। पटियाला की बात करें, तो यहां पूर्व सांसद डॉ. धर्मवीर गांधी को कांग्रेस जॉइन कराके टिकट देने से टकसाली कांग्रेसियों में खासी नाराजगी है। इनमें राजपुरा, घन्नौर, समाना के पूर्व विधायक व मौजूदा हलका इंचार्जों के अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री लाल सिंह व पूर्व विधायक निर्मल सिंह शुतराणा शामिल हैं। अभी तक यह कांग्रेसी खुलकर डॉ. गांधी के समर्थन में आगे नहीं आए हैं। लुधियाना में कांग्रेस के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू के भाजपा की टिकट से मैदान में उतरने के बाद भारत भूषण आशु को टिकट मिलने की संभावना जोर पकड़ रही थी, लेकिन पार्टी ने पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को उम्मीदवार बना दिया, जिससे आशु नाराज बताए जा रहे हैं। ऊपर से बिट्टू का भी लुधियाना में खासा प्रभाव है। ऐसे में यह फैक्टर भी कांग्रेस के लिए दिक्कतें पैदा कर सकता है।

### अमृतसर में सोनी खेमा नाराज

अमृतसर में पूर्व डिप्टी सीएम ओपी सोनी भी टिकट के दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने मौजूदा सांसद गुरजीत सिंह औजला पर ही दोबारा दांव खेलना उचित माना। इससे सोनी खेमा नाराज बताया जा रहा है। संगरूर में धुरी से पूर्व विधायक दलवीर सिंह गोल्डी ने भी टिकट न मिलने से नाराज होकर आप का दामन थाम लिया है। गोल्डी के साथ उनके बड़ी संख्या में वर्कर कांग्रेस से टूटे हैं। इससे कांग्रेस उम्मीदवार सुखपाल सिंह खैरा के चुनाव प्रचार को झटका लग सकता है। वैसे भी खैरा बाहर से हैं। उनका हलका भुलत्थ है। जालंधर में टिकट न मिलने के चलते पूर्व सांसद चौधरी संतोख सिंह की पत्नी कर्मजीत कौर चौधरी भाजपा में शामिल हो गई हैं।

# लोकसभा प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक से दाखिल किया अपना नामांकन पत्र



रोहतक। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और बीबी बत्ता ने शनिवार को पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा के नामांकन दाखिल करवाया। इसके बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा कार्यकताओं से रूबरू हुए। पार्टी कार्यालय के सामने आंबेडकर चौक पर संबोधित करते हुए कहा, दीपेंद्र ईब थौरे हवाले, जिताओ या हराओ। यूं चुनाव थाम नै लड़ना है। उन्होंने कहा कि मेरा मन है, एक बार और इनतै टक्कर ले लूं। अब नाम थाम और ना मैं किसी की काबू का। पूरे हरियाणा में जाऊंगा, रोहतक थाम संभाल लेना। हालांकि नामांकन से कांग्रेस के एसआरके गुट ने दूरी बनाकर रखी। साथ में चौधरी बीरेंद्र सिंह भी नामांकन में नहीं आए। जबकि वे सिरसा शैलजा का नामांकन करवाने गए थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता जो भीषण गर्मी में पसीना ले रहे हैं, वह प्रदेश की राजनीति में बदलाव लेकर आएगा। पूरे देश में कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन बनाया है, क्योंकि भाजपा संविधान को बदलाना चाहती है, इसलिए विपक्ष एकजुट हुआ है। संविधान को बचाना है, क्योंकि संविधान बचेगा तो लोकतंत्र बच पाएगा। रोहतक में ही नहीं, पूरे प्रदेश में 10 सांसद बनाने हैं। लोकसभा चुनाव की जीत प्रदेश में अगली कांग्रेस सरकार बनाने का रास्ता साफ करेगी।

दीपेंद्र की जीत का अंतर सबसे ज्यादा होना चाहिए। हवन के बाद किया दीपेंद्र ने नामांकन, पत्नी श्वेता रही साथ सुबह कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा हवन के बाद नामांकन दाखिल किया। डी पार्क स्थित आवास पर हुड्डा परिवार पहुंचा और मंत्रों के बीच आहुति डालकर हवन किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, उनकी पत्नी आशा हुड्डा, दीपेंद्र हुड्डा व उनकी पत्नी श्वेता ने हवन कुंड में आहुति डाली। इसके बाद चुनाव कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। साथ में झज्जर की विधायक गीता भुक्कल, कलानौर की विधायक शकुंतला खटक, मां आशा हुड्डा व पत्नी श्वेता मौजूद रही। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दूसरे कांग्रेस नेता सीधे पार्टी कार्यालय के बाहर बनाए गए मंच पर पहुंचे। तीन पूर्व पार्षद फिर कांग्रेसी हो गए नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर अनिल कुमार, वार्ड एक से पार्षद कृष्ण सहरावत व वार्ड 9 से पार्षद जयभगवान ठेकेदार ने नामांकन के मौके हुई सभा में पांच साल बाद फिर कांग्रेस का फटका पहन लिया। तीनों पूर्व पार्षद पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व मेयर की ओर से चुनावी ड्यूटी लगाने के लिए बुलाई गई मीटिंग में भी नहीं पहुंचे थे।

## न्यूज डायरी

### बसपा नेता आकाश आनंद की चुनावी रैलियां बिना कारण बताए रद्द




लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती के उत्तराधिकारी और को पार्टी ऑर्डिनेटर आकाश आनंद की चुनावी रैलियां बिना कारण बताए रद्द कर दी गई हैं। उनके खिलाफ सीतापुर में आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान बयान दिया था कि ये आतंकवादियों की सरकार है। सूत्रों के अनुसार, इसी कारण वो चुनाव प्रचार से पीछे हट गए हैं। मुकदमा दर्ज होने के बाद वह दिल्ली लौट गए और बिना कारण बताए उनकी चुनावी रैलियां रद्द कर दी गई हैं। बसपा यूपी की सभी लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। कई जगह पार्टी कड़ी टक्कर में हैं। चुनाव विश्लेषक मानते हैं पार्टी कई सीटों पर जीत का परचम फहरा सकती है। 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन किया था और यूपी में 10 सीटों पर जीत हासिल की थी।

### जंगल में मिले गोवंश के कटे हुए चार सिर



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा के मोहनरी के जंगल में गो हत्या का मामला सामने आया है। यहां रिची सड़क के नीचे खाई में गोवंश के कटे हुए चार सिर और अन्य क्षत-विक्षत अंग बरामद हुए हैं। गो तस्करों के गो मांस काटकर ले जाने की आशंका जताई जा रही है। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने मामले की जांच के लिए एसओजी गठित की है। मोहनरी के पास रिची सड़क पर कुछ लोगों ने शुक्रवार सुबह खून बिखरा देखा। जब उन्होंने खाई में उतरकर देखा तो वहां गोवंश के सिर, पैर, आंत सहित अन्य अंग दिखाई दिए। रिची के प्रधान मनोज पडलिया और मोहनरी के सुरेश आर्या के अनुसार खाई में गोवंश के चार सिर, पैर व अन्य क्षत-विक्षत अंग मिले हैं।

उन्होंने सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। भिकियासैंण के एसडीएम सीमा विश्वकर्मा के निर्देश पर पुलिस और राजस्व टीम मौके पर पहुंची। गोवंश के अंगों को पोस्टमार्टम के लिए भिकियासैंण ले जाया गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, केदार बदरी गोरक्षाअंतरराष्ट्रीय परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कमल बिष्ट, उपाध्यक्ष विमला रावत, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक करगेती सहित अन्य संगठन के लोगों ने उच्च स्तरीय जांच के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### जंगलों में भड़कती आग की घटनाओं के बीच सीएम ने की अहम बैठक



देहरादून। वनाग्नि की बढ़ती घटनाओं के बीच सीएम धामी ने अहम बैठक की। मुख्यमंत्री दिल्ली से ही वीसी पर जुडे। उन्होंने वन विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा की। देहरादून सचिवालय में शासन के आला अधिकारी इस बैठक में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उत्तराखंड में शुक्रवार को जंगलों की आग और भड़क गई। 24 घंटे के भीतर वनाग्नि की 64 घटनाएं सामने आई हैं। वहीं, सोमेश्वर के स्यूनराकोट के जंगल में लगी आग दो नेपाली परिवारों पर भारी पड़ी है। जंगल की आग की चपेट में आने से एक श्रमिक की बृहस्पतिवार को मौके पर ही मौत हो गई थी।
दूसरे श्रमिक ने बृहस्पतिवार देर रात बेस अस्पताल में तो महिला श्रमिक ने हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में दम तोड़ दिया है। एक और महिला श्रमिक का हल्द्वानी में इलाज चल रहा है। जिसके बाद आज शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वनाग्नि रोकथाम को लेकर उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। शुक्रवार को प्रदेश में सामने आई वनाग्नि की 64 घटनाओं में गढ़वाल में 30, कुमाऊं में 29 और वन्यजीव क्षेत्रों में पांच घटनाएं शामिल हैं। 24 घंटे के भीतर 74.67 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आया।

### ऑनलाइन ठगी के शिकार दस लोगों को वापस कराए 18 लाख




पिथौरागढ़ पुलिस की एफएफयू, साइबर सेल की टीम ने दो माह में ऑनलाइन ठगी के शिकार 10 लोगों के खातों में 18 लाख रुपये वापस कराए। इसके लिए लोगों ने पुलिस का आभार प्रकट किया है। शिकायतकर्ता खुशाल सिंह, प्रतिमा, शिव कुमार, नारायण सिंह, कैलाश चंद्र, धीरज वर्मा, मो. याकूब, चंचल राम, रजनी देवी, लक्ष्मण सिंह ने पैसे वापस लौटाने के नाम पर अनजान कॉल करके, गूगल पे के माध्यम से, एनी डेस्क के माध्यम, कोई पुलिस अधिकारी बनकर ,जमीन खरीद फरोख्त के नाम पर 10 लोगों से लगभग 1848300 रुपये की धोखाधड़ी होने की शिकायत दर्ज की थी। एसपी रेखा यादव और सीओ परवेज अली के निर्देश के बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए ठगी के शिकार सभी लोगों के खातों में रुपये वापस कराए। टीम में प्रभारी साइबर सेल मनोज पांडे, एसआई साइबर सेल पंकज तिवारी सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### मसूरी-देहरादून रोड पर चूनाखाल के पास एक वाहन गहरी खाई में गिरा



मसूरी। मसूरी-देहरादून मार्ग पर चूनाखाल के पास शनिवार सुबह करीब पांच बजे एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में चार युवकों समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल बताई जा रही है। वाहन में कुल छह लोग सवार थे। शहर कोतवाल अरविंद चौधरी ने बताया की हादसे में तीन की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जिसमें से दो और लोगों ने दम तोड़ दिया। हादसे में जान गंवाने वालों में चार युवक और एक युवती शामिल हैं। जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल है।

# जिन्होंने कोरोना वैक्सीन लगवाई है उन्हें अब अपने हार्ट की चिंता करनी होगी: अखिलेश यादव



बदायूं। बदायूं के नाधा में शनिवार को आयोजित चुनावी जनसभा में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग संविधान खत्म करना चाहते हैं, उन्हें जनता अबकी सत्ता से बाहर करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कोई वर्ग नहीं छोड़ा, इलेक्टोरल बांड के नाम पर चंदा वसूला गया। उद्योगपतियों से चंदा वसूला गया और इसी वसूली के चलते हमारे आपके सामने महंगाई आई है। अखिलेश ने दोहराया कि ये लोग बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के संविधान को खत्म करना चाहते हैं। भाजपा से एक तरफ संविधान को खतरा है तो दूसरी तरफ जान को खतरा पैदा किया। जिन्होंने कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाई है, उन्हें अब हार्ट की चिंता करनी पड़ेगी। ऐसे में अगर सरकार ने वैक्सीन लगवाई थी, तो निशुल्क ईसीजी भी कराए। जरूरत पर इलाज भी कराए। पता नहीं कब किसका हार्ट अटैक आ जाए पता नहीं।

### पेपर लीक का मुद्दा उठाया

अखिलेश यादव ने बेरोजगारी के मुद्दे को उठाकर नौजवानों के दिल को छूने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जो लोग भारत माता की जय के नारे लगाते हैं, दुर्भाग्य देखो, उन्हीं लोगों ने अग्निवीर योजना लाकर फौज की नौकरी को आधा-अधूरा बना दिया। जितनी परीक्षाएं हुईं, इस सरकार में सब पेपर लीक हो गए। ये सरकार जानबूझकर करा रही है। अभी तक 60 लाख नौजवान ऐसे हैं जो परीक्षा देने गए और पेपर लीक होने की वजह से रोजगार नहीं पा सके। उनके मां- बाप को जोड़ दें तो एक करोड़ 80 लोगों की संख्या बैठेगी।
उन्होंने कहा कि अगर 80 लोकसभा क्षेत्रों में इनसे जुड़े पांच-पांच लोगों को जोड़कर गुणा करते हैं तो करोड़ों लोग भाजपा के खिलाफ हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी नौजवान अहीर रेजीमेंट की मांग करते हैं। वह कहना चाहते हैं कि अकेले अहीर रेजीमेंट ही नहीं बनेगी बल्कि गुजरात की भी रेजीमेंट भी बनेगी। अगर आप लोग फौज की सेवा करना चाहते हैं तो दूसरे राज्यों के लोग भी फौज की सेवा करना चाहते हैं, इसलिए अन्य राज्यों की भी रेजीमेंट बनाएंगे।

# अति संवेदनशील है केदारनाथ पैदल मार्ग, कदम-कदम पर भूस्खलन और हिमस्खलन का खतरा

रुद्रप्रयाग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत बाबा केदार की नगरी केदारनाथ धाम को सुरक्षित करने के साथ ही सजाया और संवारा जा रहा है। लेकिन, धाम तक जाने के लिए पहुंच मार्ग अब भी सुरक्षित नहीं है। यहां रास्ते पर पहाड़ियों से कब पत्थर गिर जाए, कहना मुश्किल है। इसके अलावा यहां हिमस्खलन का भी खतरा बना रहता है। समुद्रतल से 11,750 फीट की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ तक पहुंचने के लिए गौरीकुंड से 16 किमी पैदल दूरी तय करनी होती है। यह रास्ता शुरू से ही भूस्खलन को लेकर अति संवेदनशील है। चिरबासा, छौड़ी, जंगलचट्टी, रामबाड़ा, लिनचोली और छानी कैंप भूस्खलन के साथ ही हिमस्खलन जोन भी है। बीते छह वर्षों में पैदल मार्ग पर यात्राकाल में पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आने से 16 यात्रियों की मौत हो चुकी है। बावजूद इसके रास्ते पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हो पाए हैं। हो चुके हैं ये हादसे वर्ष 2017 में छौड़ी में पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से एक यात्री की मौके पर मौत हो गई थी। इसी वर्ष चिरबासा में भी पहाड़ी से गिरे पत्थर से एक महिला यात्री की मौत हो गई थी। वर्ष 2018 में भीमबली में भारी भूस्खलन से एक यात्री को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। भारी मलबे से घटना के दो दिन बाद शव मिला था। 2018, 2019 में यहां दो-दो यात्रियों की पत्थर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। बीते वर्ष 2022 में सोनप्रयाग से छानी कैंप तक बोल्डर और पत्थरों ने 6 यात्रियों की मौत हो गई थी। बीते वर्ष भी यात्रा में पहाड़ी से गिरे पत्थर दो यात्रियों सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी।

# आगरा बवाल: पथराव, आगजनी और फायरिंग...दर्ज नहीं किया मुकदमा, नौ गिरफ्तार



आगरा। आगरा के लोहामंडी थाना क्षेत्र के टीला गोकुलपुरा में पथराव, आगजनी और फायरिंग की घटना के बाद पुलिस के साथ पीएसी तैनात की गई है। मामले में 24 घंटे बाद भी पुलिस को तहरीर नहीं मिली। दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया। हालांकि पुलिस ने शांतिभंग में 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष लोहामंडी का कहना है कि पुलिस अपनी ओर से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करेगी। टीला गोकुलपुरा में बृहस्पतिवार शाम को पानी की टंकी पर हाथ-पैर धो रहे वाल्मीकि समाज के बच्चों को पीट दिया गया था। आरोप लगाया कि पार्षद पति राजेश प्रजापति के भाई वीरेंद्र प्रजापति ने बच्चों के साथ गालीगलौज और मारपीट की। घटना की शिकायत करने पहुंचे सफाई मजदूर संघ का जिलाध्यक्ष भुल्ले नरवार और उनके बेटे बल्लू सहित अन्य लोगों में विवाद हो गया था। इसके बाद दोनों समाज के लोगों ने पथराव किया था। वीरेंद्र प्रजापति की दुकान में आगजनी की गई थी। फायरिंग में घर की छत पर खड़ी लक्ष्मी प्रजापति भी घायल हो गई थी। पुलिस ने देर रात दबिश देकर 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि जिन लोगों में विवाद हुआ था, उन लोगों ने आपस में बैठकर पंचायत कर समझौता कर लिया। थाना में तहरीर देने कोई नहीं आया। समझौते की जानकारी पुलिस को दी गई। नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें संतोष रानू, शिवा, शिवम, साजन, राहुल प्रजापति, मुकेश, करन और आशीष हैं। आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की गई है। तहरीर भले ही कोई देने नहीं आया। मगर, अब पुलिस अपनी ओर से कार्रवाई करेगी।

# कर्नाटक सेक्स स्कैंडल : एसआईटी ने एच.डी. रेवन्ना को पूर्व पीएम देवेगौड़ा के आवास से हिरासत में लिया



बेंगलुरु। एक बड़े घटनाक्रम में जद-एस सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स वीडियो घोटाले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने शनिवार को उनके पिता और जद-एस विधायक एच.डी. रेवन्ना को हिरासत में ले लिया। बेंगलुरु में पीपुल्स रिप्रेजेंटेटिव कोर्ट द्वारा पीड़िता के अपहरण मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद रेवन्ना को हिरासत में लिया गया। सूत्रों ने बताया कि एच.डी. रेवन्ना को बेंगलुरु के पद्मनाभनगर इलाके में स्थित उनके पिता और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के आवास से हिरासत में लिया गया है। उन्हें आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के परिसर में बने एसआईटी कार्यालय ले जाया गया है। एच.डी. रेवन्ना ने खुद दरवाजा खोला और एसआईटी अधिकारियों के साथ अपने वाहन की ओर चले गए। गिरफ्तारी के समय उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। सूत्रों ने बताया कि एक महिला के अपहरण से संबंधित मामले में अदालत द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के तुरंत बाद एसआईटी अधिकारी पूर्व प्रधानमंत्री के आवास पर पहुंचे। एच.डी. रेवन्ना के बेटे प्रज्वल रेवन्ना ने कथित तौर पर महिला का यौन उत्पीड़न किया था। इससे पहले शनिवार को एसआईटी ने अपहृत महिला को एच.डी. रेवन्ना के निजी सहायक (पीए) राजशेखर के फार्महाउस से ढूंढ निकाला। यह फार्महाउस मैसूरु जिले के कालेनहल्ली गांव में है। विशेष लोक अभियोजक बी.एन. जगदीश ने अदालत में कहा कि मामला एक गरीब महिला की जान बचाने का है। जगदीश ने तर्क दिया कि एच.डी. रेवन्ना तीन बार नोटिस दिए जाने के बाद भी अधिकारियों के सामने नहीं आए। एच.डी. रेवन्ना की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुथी डी. नाइक ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल के खिलाफ एकमात्र आरोप यह बयान है कि उन्होंने पीड़िता को अपने आवास पर बुलाया था। वकील ने तर्क दिया कि इस मामले में एच.डी.रेवन्ना की भूमिका साबित करने के लिए कुछ भी नहीं है। बयान एक आरोपी द्वारा दिया गया था, जिसके साथ उनके मुवक्किल का कोई संबंध नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि एसआईटी ने जानबूझकर आईपीसी की धारा 364ए जोड़ी है, जिसमें आजीवन कारावास और मृत्युदंड का प्रावधान है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके मुवक्किल की जमानत याचिका खारिज हो जाए। नाइक ने कहा, मामले में लगाई गई आईपीसी की अन्य धाराएं हैं 363 और 365,जो सात साल से कम कैद की सजा का प्रावधान करती हैं। इसलिए, अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए एच.डी. रेवन्ना को जमानत दी जानी चाहिए। इस बीच, एक गुप्त सूचना मिलने के बाद जब एसआईटी अधिकारी वहां पहुंचे तो 29 अप्रैल को लापता हुई महिला फार्महाउस में बंद पाई गई। सूत्रों ने कहा कि राजशेखर तब से फरार है जब से एसआईटी ने लापता महिला को उसके फार्महाउस में खोजा था। महिला को बेंगलुरु लाया जा रहा है जहां उसका बयान दर्ज किया जाएगा।

# यहां वोटरों को उम्मीदवार से नहीं केवल मोदी से है मतलब!


गुजरात। गुजरात में 'वडोदरा' लोकसभा सीट सबसे सुरक्षित मानी जाती है। भले ही यहां से भाजपा उम्मीदवार नरेंद्र मोदी नहीं हैं, लेकिन वोट उन्हीं के नाम पर मिलता है। वोटरों को उम्मीदवार से नहीं, मोदी से मतलब है। शहर और ग्रामीण क्षेत्र, दोनों जगहों पर मुकाबला नजर नहीं आ रहा। वडोदरा शहर में भाजपा के पोस्टर तो नजर आते हैं, लेकिन कांग्रेस का प्रचार गायब है।

वोटरों ने यह भी कहा, गुजरात में ऐसे दलों की दाल नहीं गलेगी, जो 'फ्री' में कुछ देकर वोट लेने का प्रयास करते हैं। लोगों ने कहा, इस बार भाजपा की जीत का मार्जिन कुछ कम हो सकता है।

वडोदरा में क्षत्रिय समुदाय के विरोध का असर नहीं दिख रहा। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने यहां पर भाजपा प्रत्याशी के डॉ. हेमांग जोशी के सामने क्षत्रिय समुदाय से आने वाले जसपाल सिंह पढियार को मैदान में उतारा है।

### उम्मीदवार नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखते हैं

2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी ने वडोदरा से बंपर जीत दर्ज कराई थी। साल 1998 से भाजपा, लगातार इस सीट पर जीत रही है। गत लोकसभा चुनाव में रंजनबेन भट्ट ने जीत हासिल की। उन्होंने कांग्रेस के प्रशांत चंदूभाई पटेल को हराया था। रंजनबेन भट्ट को 883,719 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के चंदूभाई पटेल को 294,542 मत हासिल हुए। वडोदरा में सात विधानसभा क्षेत्र, सयाजीगंज, रावपुरा, मांजलपुर, वाघोडिया, सावली, अकोटा और वडोदरा शहर आते हैं। वडोदरा के निकटवर्ती गांव सोखडा में अक्षर परुषोत्तम स्वामी नारायण मंदिर है। वहां बैठे ग्रामीण घनश्याम भाई ने कहा, यहां भाजपा का ही वोट है। डॉ. हेमंत जोशी जीत जाएंगे। क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रभाव है। कांग्रेस की स्थिति कैसी है, इस सवाल का जवाब देते हुए घनश्याम भाई बोले, इसका तो नाम ही मत लेना। महेंद्र भाई सोना भाई पटेल ने कहा, वडोदरा में केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला के विवाद की कोई बात नहीं है। घनश्याम ने कहा, यहां पर विकास हुआ है। सड़क बनी है, पानी का हल मोदी ने ही निकाला है। अभी गटर लाइन बाकी है, वो भी आ जाएगी। यहां पर उम्मीदवार को नहीं देखते, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखते हैं। जनता का वोट मोदी को जाएगा, उम्मीदवार को नहीं।



### जीत मिलेगी, लेकिन भाजपा की लीड कम होगी

वडोदरा के अलकापुरी इलाके में गोवर्धन नाथ जी की हवेली 'मंदिर' के सामने पूजा अर्चना के बाद एनबी शाह और उनकी मंडली ने चुनाव को लेकर बातचीत की। वोटरों ने कहा, वे अपनी सोसायटी के सभी लोगों को डोल नगाड़े के साथ मत डालने के लिए बूथ तक ले जाएंगे। यहां पर कोई टक्कर नहीं है। देश और विदेश, दोनों जगह पर भारत का विकास हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब मुख्यमंत्री थे, तभी से इन्हें वोट देते हैं। कांग्रेस ने पहले कभी काम ही नहीं किया है। वे केवल उम्मीदवार खड़ा करते हैं। कोई भी सीट हो, यहां पर भाजपा को ही वोट जाएगा। केंद्रीय मंत्री रूपाला के बयान का असर यहां बहुत कम है। क्षत्रिय समाज, साथ आ जाएगा। वे भाजपा को वोट देंगे। सिर्फ भाजपा की लीड कम होगी। रूपाला एक व्यक्ति है, भाजपा तो देश में है। मार्जिन कम होने का कारण बताते हुए लोगों ने कहा, परिवर्तन तो कुदरत का नियम है। भाजपा ने जो काम किया है, वह कांग्रेस नहीं कर सकती। मोदी को अपने लोगों की चिंता रहती है।

### सरकार ने दी तकनीकी मदद

वड़ताल और विद्यानगर के बीच झोल गांव के आरोग्य केंद्र के सामने मटके बनाने वाले व्यक्ति बैठे थे। वहां पर प्रजापति समुदाय की बस्ती है। उन्होंने एनबी शाह को बताया, हम लोग मटका बनाते हैं। इसमें लंबे समय तक पानी ठंडा रहता है। पीएम मोदी ने हमें तालीम दिलाई। छकड़ा यानी घूमने वाला चक्का, पहले हाथ द्वारा घुमाया जाता था। मोदी ने हमें इलेक्ट्रॉनिक छकड़ा दिया, हमें स्वावलंबी बनाया। नतीजा, मिट्टी के बर्तन तैयार करने में तेजी आई। अब ज्यादा उत्पादन होने लगा। अभी हम किसी के सामने हाथ नहीं फैलाते।

### पहले यहां दंगे होते थे, अब बंद हो गए हैं

वडोदरा की तरफ जाने वाले मार्ग पर पांच-छह वोटर चुनावी चर्चा कर रहे थे। इन वोटरों ने कहा, वडोदरा में तो मोदी ही हैं। वजह, मोदी ने बहुत काम किया है। लोगों को मालूम है कि आगे भी क्या काम होने वाला है। कांग्रेस को लेकर उन्होंने कहा, बहुत कमजोर स्थिति है। इन्होंने कुछ काम नहीं किया। पब्लिक को उल्लू बनाया, तुष्टिकरण किया। भाजपा उम्मीदवार को लेकर लोगों ने कहा, यहां प्रत्याशी का कोई मतलब नहीं है। वह जीतेगा ही। यहां पर लोग भाजपा और मोदी को देखते हैं। देश आगे बढ़ रहा है। 2001 से पहले यहां दंगे होते थे। मोदी के आने के बाद वह सब बंद हो गया। रूपाला का कोई फैक्टर नहीं है। क्षत्रिय, खुद भाजपा को मत देंगे। राम मंदिर निर्माण, एक अच्छा कदम है। निजी क्षेत्र में रोजगार की स्थिति बढ़िया है।

### मोदी किसी को 'फ्री' में कुछ नहीं देंगे

मोदी कभी किसी को कुछ फ्री नहीं देंगे। उन्होंने मटका बनाने वाले एक व्यक्ति का उदाहरण दिया। जो देगा, वह स्वावलंबी बनाकर देगा। कांग्रेस जो कह रही है, वह कुछ नहीं करेगी। आम आदमी पार्टी ने यहां पर फ्री देने की बात कही थी। कुछ गरीब लोग हैं, ये अलग बात है। सामान्य लोग फ्री नहीं लेते। वे अपने हक का ही खाएंगे। राम मंदिर के मुद्दे पर एनबी शाह ने कहा, देश हिंदू राष्ट्र बनना चाहिए। बेरोजगारी पर बोलते हुए शाह की टीम के एक युवा साथी ने कहा, हमें सोशल मीडिया के प्लेटफार्म से बाहर आना होगा। हमारे लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फॉलो करना जरूरी नहीं है। एक्टिव रहें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्या कर रहे हैं, उसके लिए एक सिस्टम बनाना चाहिए।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। रविवार 05 मई -2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## अतुल गर्ग जीतेंगे एक लाख वोटों से लोकसभा का चुनाव : केडी त्यागी

### मुरादनगर में होगी 25 से 30 हजार वोटों से जीत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता केडी त्यागी ने लोकसभा चुनाव को लेकर ना केवल मुरादनगर बल्कि पूरे गाजियाबाद में चुनावी मार्जिन का दावा किया है। उन्होंने कहा कि अतुल गर्ग लोकसभा चुनाव में डेढ लाख वोटों से चुनाव जीतेंगे। केडी त्यागी ने कहा कि अतुल गर्ग पूरी लोकसभा में डेढ लाख वोटों से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने मुरादनगर विधानसभा को लेकर भी दावा किया कि मुरादनगर विधानसभा में अतुल गर्ग 25 से 30 हजार वोटों से चुनाव जीतेंगे। इसका कारण बताते हुए केडी त्यागी ने कहा कि क्षेत्र में मतदान प्रतिशत कम रहा है। जिन इलाकों में मतदान हुआ है उसका अपना असर है और यह मेरा अपना चुनावी आंकलन है कि भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग लोकसभा में एक से डेढ लाख वोटों से और मुरादनगर विधानसभा में 25 से 30 हजार वोटों से चुनाव जीतेंगे।

### 'जनरल साहब लड़ते चुनाव तो मार्जिन होता 5.50 लाख, ऐसा कह रही है क्षेत्र की जनता'

करंट क्राइम। कम मतदान को लेकर आंकड़े बताये जा रहे हैं और यह आंकड़ा मार्जिन घटा रहा है। इस दौरान करंट क्राइम से बातचीत में केडी त्यागी ने कहा कि क्षेत्र के लोगों का ये मानना है कि अगर यहां से जनरल वीके सिंह चुनाव लड़ते तो लगभग 5.50 लाख वोटों से उनकी जीत होती। क्षेत्र में यह जनता की आवाज है और कई स्थानों पर लोगों का यह विचार हैकि अगर जनरल वीके सिंह को टिकट मिलता और वो लोकसभा का चुनाव लड़ते तो उनकी जीत 5 लाख से 5.50 लाख के बीच में होती।



# भाजपा के पांच पार्षदों के वार्ड में पड़े 46,150 मत, सभी का दावा अतुल गर्ग को मिलेंगे लगभग 37,625 वोट

उदयवीर सिंह

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** 26 अप्रैल को गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए मतदान हो गया है। मतदान के बाद अब पार्षदों का दावा है, कि लगभग 37625 वोट सीधे-सीधे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग की खाते में आएगा। इससे उनकी जीत और मजबूत बनेगी। अलग-अलग बूथ और वार्ड से लेकर विधानसभा में वोटों के प्रतिशत और किसको कितना वोट मिला, इसका आकलन किया जिसमें दैनिक करंट क्राइम ने भारतीय जनता पार्टी के पांच पार्षदों के वार्ड का हाल जाना। जानकारी निकाल कर आई है कि वार्ड 61- वसुंधरा, सेक्टर 2,4,6,, सेक्टर का कुछ हिसा, वार्ड-36 वसुंधरा सेक्टर 16 18 14 12 जज कॉलोनी सुपरटेक प्रहलाद गाड़ी सेक्टर 10 का कुछ हिस्सा, वार्ड-73 शालीमार गार्डन मेन गणेश पुरी इसी कड़ी वार्ड-36 अर्थला रामनगर अंबेडकर नगर कैलाश पार्क पाल रोड मीठा कुआं क्षेत्र आता है। वार्ड 78 शालीमार गार्डन एक्सटेंशन साहिबाबाद की इन वार्ड की कॉलोनी के इलाके में कुल 98312 वोट डाले गए हैं। इसमें सभी पार्षदों का दावा है कि लगभग 37625 वोट सीधे- सीधे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग की खाते में आएगा। इससे उनकी जीत और मजबूत बनेगी।

### वार्ड-61 में पड़े 9000 वोट में से मिलेंगे 8000 वोट : शिल्पा चौधरी



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। भारतीय जनता पार्टी के वार्ड- 61 से पार्षद शिल्पा चौधरी हैं। उनके वार्ड-61 में वसुंधरा का क्षेत्र आता है जिसमें सेक्टर 2 सेक्टर 4 सेक्टर 6 सेक्टर 10 का कुछ हिस्सा आता है। उन्होंने जानकारी दी है कि उनके वार्ड में लगभग 9000 वोट 26 अप्रैल को मतदान के दौरान डाले गए हैं। उनका मानना है कि कुल पड़े वोट में लगभग 8000 ऐसे वोट है, जो सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में जाएंगे। शिल्पा चौधरी का कहना है कि उनके यहां डाले गए । जिसमे भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग को 8000 वोट मिलेंगे।




### वार्ड-36 में डाले गए 9500 वोट में से 6000 मिलेंगे : प्रतिमा शर्मा



भारतीय जनता पार्टी के पार्षद प्रतिमा शर्मा के वार्ड-36 में वसुंधरा सेक्टर 16 वसुंधरा सेक्टर 14 वसुंधरा सेक्टर 12 वसुंधरा सेक्टर 10 का कुछ हिस्सा सुपरटेक कॉलोनी जज कॉलोनी वसुंधरा सेक्टर 18 प्रहलाद गढ़ी गांव का क्षेत्र आता। है। उनके वार्ड में कुल 19000 मतदाता हैं। 26 अप्रैल के दिन लगभग 9500 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला। पार्षद प्रतिमा शर्मा का कहना है कि उनके वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशीअतुल गर्ग को लगभग 6000 के आसपास वोट मिलने चाहिए।

### वार्ड-73 में पड़े 8000 वोट में 7000 भाजपा को मिलेंगे : राजीव भाटी



वार्ड-73 से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद राजीव भाटी है। उनके वार्ड में शालीमार गार्डन मैन व गणेशपुरी का क्षेत्र आता है। राजीव भाटी का कहना है कि 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन उनके यहां लगभग 8000 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। जिसमें से लगभग 7000 के आसपास मतदाताओं ने अपने वोट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग को मिलेंगे।

### वार्ड-78 में पड़े 8150 मत में से मिलेंगे 7625 वोट: ओमवती देवी



भारतीय जनता पार्टी के वार्ड-78 में शालीमार गार्डन एक्सटेंशन का क्षेत्र आता है। पार्षद ओमवती देवी का कहना है कि उनके वार्ड में कुल 19312 वोट हैं। जिसमें से 8159 लोगों ने 26 अप्रैल के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला है। उनका दावा है कि उनके वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में लगभग 7625 वोट आएंगे।

### वार्ड-36 में 11500 वोट पड़े, जिसमें से 9000 भाजपा को मिलेंगे: मनोज पाल



भारतीय जनता पार्टी की वार्ड-36 से पार्षद मनोज पाल हैं। उनके क्षेत्र में अर्थला का रामनगर अंबेडकर नगर कैलाश पार्क पाल रोड मीठा कुआं क्षेत्र आता है। यहां कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 22000 के करीब है। पार्षद मनोज पाल ने बताया है कि 26 अप्रैल को वोटिंग के दौरान लगभग 11500 लोगों ने वोट डाले हैं। जिसमें से लगभग 9000 के आसपास वोट भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग को मिलेंगे। ओर बाहरी मतों से भाजपा की जीत होने जा रही है।

# पुलिस पर रखें विश्वास होगी निष्पक्ष जांच: उदिता त्यागी

## भाजपा महिला नेताओं का विवाद



महानगर संयोजक महिला मोर्चा उदित त्यागी ने कहा, दोनों लोगों को पुलिस पर विश्वास होना चाहिए। निपक्ष जांच होगी यह मेरा विश्वास है। उन्होंने कहा शुक्रवार को मैं एमजी हॉस्पिटल गई, थी वहां देखा था कि अमित की तबीयत ठीक नहीं थी। उन्होंने बताया सुषमा शर्मा भी हमारी पार्टी भी कार्यकर्ता है।

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** थाना कौशाम्बी के वैशाली में रहने वाली भाजपा नेत्री के पति पर मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। भाजपा नेत्री सिद्धि प्रधान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें उन्होंने कहा कि आज सुबह लगभग 9.30 उनके पति अमित अग्रवाल जोकि पेशे सीए है वे वैशाली स्थित कावेरी सोसाइटी में स्थित घर पर थे। इस दौरान कुछ अज्ञात लोग उनके घर पर आये जिन्होंने घर की घण्टी बजाई। इस पर जब उनके पति घर से बाहर आये तो उन पर पेट्रोल की बोतल फेंक कर आग लगने की कोशिश की और उसके बाद उनके साथ मारपीट की गई।

इस घटना को लेकर एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने कहा वैशाली सेक्टर 5 स्थित भाजपा नेत्री के पति को किसी ने पेट्रोल छिड़कने की घटना की जानकारी मिली। मौके पर पुलिस पहुंची तो पुलिस को कोई सीसीटीवी में किसी भी तरह की कोई घटना नही मिले की बात कही।

वही शुक्रवार को कोशाम्बी थाने के सिद्दी प्रधान की ओर से सुषमा शर्मा के परिवार के नाम मामला दर्ज हुआ।

जब शनिवार को महानगर संयोजक महिला मोर्चा उदित त्यागी से बात की गई तो उन्होंने कहा दोनों लोगों को पुलिस पर विश्वास होना चाहिए। निपक्ष जांच होगी यह मेरा विश्वास है। उन्होंने कहा शुक्रवार को मैं एमजी हॉस्पिटल गई, थी वहां देखा था कि अमित की तबीयत ठीक नहीं थी। उन्होंने बताया सुषमा शर्मा भी हमारी पार्टी भी कार्यकर्ता है।

और सिद्धि प्रदान भी हमारी पार्टी की कार्यकर्ता है। इस मामले में मिल बैठकर बात हो जाएगी। लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका पुलिस की है। पुलिस पर हमें विश्वास है पुलिस निपक्ष जांच कर इसकी रिपोर्ट जरूर देगी। इसी मामले को लेकर शनिवार को क्षेत्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष वर्षा कौशिक भी पहुंची। उन्होंने भी मामले को संज्ञान में लिया दोनों पक्षों से बात की और बाद में अस्पताल में भर्ती सिद्धि प्रधान के पति को देखने के लिए गई।

# क्रान्तिकारी विधानसभा लोनी से आ रही है अलग-अलग आवाज

## किसी ने कहा एक लाख, कोई बोला पचार हजार तो किसी ने कहा पच्चीस हजार वोटों से होगी अतुल गर्ग की जीत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मतदान के बाद अब एक महीने तक अनुमान ही लगाने हैं। चुनाव विश्लेषक अपनी जगह हैं और अपने अपने क्षेत्र की सियासी नब्ज जानने वाले नेता अपनी जगह है। ये नेता क्षेत्र में राजनीति करते हैं और क्षेत्र की भौगोलिक संरचना से लेकर चुनावी समीकरण की नब्ज जानते हैं।

वो अपना अनुमान लगा रहे हैं और बता रहे हैं कि उनकी पार्टी का उम्मीदवार कितने वोटों से चुनाव जीतेगा। दैनिक करंट क्राइम ने लोनी विधानसभा को लेकर भाजपा नेता ईश्वर मावी से बात की। उन्होंने कहा कि पिछली बार यहां एक लाख 56 हजार वोट मिले थे और तब आरएलडी भाजपा के साथ नहीं थी। इस बार आरएलडी साथ है तो 2 लाख वोट की उम्मीद है और एक लाख वोटों से यहां अतुल गर्ग चुनाव जीतेंगे।

### मेरी यह है समीक्षा पचास हजार वोटों से जीतेगी भाजपा : डॉ कोमुदी चौधरी



करंट क्राइम। भाजपा की पूर्व जिला उपाध्यक्ष और बाल कल्याण समिति की संरक्षक डॉ कोमुदी चौधरी ने करंट क्राइम से बातचीत में दावा किया कि यहां से भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग पचास हजार वोटों से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरी अपनी चुनावी समीक्षा है कि 25 पोलिंग बूथ पर मैंने काम किया है और लोनी में भाजपा 50 हजार वोटों से चुनाव जीतेगी। इस आंकलन का आधार बताते हुए डॉ कोमुदी चौधरी ने कहा कि वर्ष 2019 में जनरल वीके सिंह यहां से 66 हजार वोटो से आगे रहे थे। इस बार यहां मतदान कम हुआ है और इसकी एक बड़ी वजह यह है कि वोटर में उत्साह कम रहा है। लेकिन बूथ पर मतदान के रूझान से यह कहा जा सकता है कि यहां से भाजपा के अतुल गर्ग 50 हजार वोटों से चुनाव जीतेंगे।

### 25 हजार वोटों से लोनी में खिलेगा कमल : डॉ विनोद बंसल



करंट क्राइम। भाजपा नेता डॉ विनोद बंसल लोनी की सियासत के पुराने खिलाड़ी है। लोनी की सियासी नब्ज भी जानते हैं। जब दैनिक करंट क्राइम ने उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि भाजपा यहां लगभग 25 हजार वोटों से चुनाव जीतेगी। अतुल गर्ग लोनी से चुनाव जीत कर निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस हिसाब से मतदान हुआ है उस हिसाब से लोनी में भाजपा 25 हजार के करीब वोटों से बढ़त बनायेगी।

### दोनों नेताओं ने कहा मेरे गांव में हर बूथ पर जीतेगी भाजपा

करंट क्राइम। लोकसभा का चुनाव है और विधानसभा में आंकलन हो रहा है कि कौन सी विधानसभा में किसे बढ़त मिलेगी। दावा सभी दलों के नेता कर रहे हैं ऐसे में जब करंट क्राइम ने ये सवाल किया कि क्या आपके गांव से भाजपा जीतेगी तो भाजपा नेताओं ने कहा कि हमारे गांव के सभी बूथों पर भाजपा जीतेगी। भाजपा नेता ईश्वर मावी ने कहा कि मेरा गांव टीला शहबाजपुर है और मेरे गांव से सभी बूथों पर 100 प्रतिशत भाजपा ही जीतेगी। वहीं भाजपा नेता डॉ विनोद बंसल ने कहा कि मेरा गांव गढ़ी कटईया है और लोकसभा चुनाव में मेरे गांव के हर बूथ से भाजपा ही जीतेगी।



### अगर आरएलडी ने दिया है ईमानदारी से साथ और गठबंधन है प्रोपर

करंट क्राइम। भाजपा नेता ईश्वर मावी ने जीत का दावा किया जीत का आंकड़ा बताया लेकिन उन्होंने दावे और आंकड़े के बीच एक बड़ा 'अगर' भी लगाया। ये अगर उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल को लेकर लगाया। ईश्वर मावी ने कहा कि अगर गठबंधन प्रोपर है और आरएलडी ने ईमानदारी से साथ दिया है तो फिर दो लाख वोट भाजपा को मिलेंगे और एक लाख वोटों से जीत होगी।

# भाजपा नेता योगेन्द्र मावी के छोटे भाई रवि मावी का निधन

**गाजियाबाद (वरिष्ठ संवाददाता/करंट क्राइम)।** भाजपा नेता योगेन्द्र मावी के छोटे भाई रवि मावी का कौशाम्बी यशोदा अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक के बाद कौशाम्बी के यशोदा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। जहां शुक्रवार को उनका निधन हो गया। 46 वर्षीय रवि मावी चार भाईयों में सबसे छोटे थे। वह अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गये हैं। जब उनका निधन हुआ तो उनका एक बेटा आस्ट्रेलिया में था। उनके बड़े भाई योगेन्द्र मावी बनारस लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार ड्यूटी पर थे। छोटे भाई का समाचार मिलते ही वह फ्लाईट से वापस लौटे। रविवार को स्वर्गीय रवि मावी की अस्थियां प्रवाहित की जायेंगी। उनके भाई योगेन्द्र मावी ने बताया कि स्वर्गीय रवि मावी की शोक सभा 15 मई को आयोजित होगी। रवि मावी के निधन पर सभी ने शोक व्यक्त किया है। उनके अंतिम संस्कार में क्षेत्र के हजारों लोग मौजूद रहे। गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। दैनिक करंट क्राइम परिवार भी शोक की इस घड़ी में मावी परिवार के साथ है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि शोकाकुल परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे और दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें।



**ब्रेन स्ट्रोक के बाद उपचार के लिए किया गया था अस्पताल में भर्ती**

# पिता कर रहे हैं पुत्री की ईवीएम रखवाली, कोई भी दिन नहीं जाने दे रहे हैं नरेंद्र भारद्वाज मंडी सुरक्षा में खाली

## प्रतिदिन अनाज मंडी में ईवीएम की सुरक्षा का जानते हैं हाल और रहते हैं मौजूद

**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा के पिता नरेंद्र भारद्वाज बेटी के चुनाव में पिता होने का पूरा फर्ज निभा रहे हैं। चुनावी नामांकन से लेकर चुनाव प्रचार में कंधे से कंधे मिलाकर बेटी के साथ चलने वाले कांग्रेस के पूर्व महान अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज इन दिनों गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए भी प्रतिदिन जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वह शनिवार को भी ईवीएम की सुरक्षा को जानने के लिए गोविंदपुरम मंडी पहुंचे थे। तो वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि नरेंद्र भारद्वाज प्रतिदिन किसी न किसी समय मंडी पहुंचते हैं और यहां पुलिसकर्मियों से लेकर सुरक्षा में तैनात अधिकारियों से बातचीत करते हैं। सीसीटीवी मॉनिटरिंग स्क्रीन पर देखते हैं। तो अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लेते हैं। इसे एक पिता की अपनी बेटी के चुनाव की चिंता भी कहा जाएगा और यह भी दर्शा रहा है कि वह कितनी शिद्दत से अपनी बेटी की जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं।



### रोज पहुंचते हैं मंडी और करते हैं ईवीएम की देखरेख



डॉली शर्मा ने चुनाव के दौरान और मतदान वाले दिन भी प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए भिलीभगत और आरोप प्रत्यारोप लगाए थे। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिस दिन मतदान खत्म होने के बाद मंडी में ईवीमए रखवाने का काम चल रहा था, वह मंडी में भोर तक मौजूद रही थी। वहीं जानकारी यह है कि उनके पिता व कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज प्रतिदिन गोविंदपुरम मंडी पहुंचते हैं और ईवीएम की सुरक्षा और स्ट्रांग रूम के आसपास का जायजा लेते हैं। कुछ देर यहां रुकते हैं और फिर यहां से बाहर निकलते हैं। साथ ही ईवीएम की सुरक्षा और जो स्ट्रांग रूम के बाहर की सीसीटीवी की स्क्रीन लगी हुई है, इसकी निगरानी रखने के लिए भी प्रतिदिन यहां दो से तीन कांग्रेस सदस्यों और कार्यकर्ताओं की ड्यूटी प्रतिदिन लगाई जा रही है।

**पूरे चुनाव में रहे नरेंद्र भारद्वाज बेटी के साथ-साथ**



**करंट क्राइम :** नरेंद्र भारद्वाज कुछ दिन पहले अस्वस्थ हुए थे लेकिन चुनाव के दौरान उन्होंने बेटी डॉली शर्मा के प्रचार से लेकर अन्य जिम्मेदारी संभालने में कोई कमी नहीं छोडी। डॉली के नामांकन से लेकर चुनावी सभाएं करने और कांग्रेस पदाधिकारियों के कार्यक्रम कराने में वह कंधे से कंधा मिलाकर बेटी के साथ खड़े रहे। प्रत्येक कार्यक्रमों में मौजूद रहे और चुनाव प्रचार की कमान भी उन्होंने कई बार खुद संभाली। तो वहीं ईवीएम की सुरक्षा को लेकर भी वह पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहे हैं।

## संपादकीय

# परंपरा का प्रश्न

कांग्रेस ने रायबरेली और अमेठी सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जिससे गांधी परिवार की प्रतिष्ठा संभलने की उम्मीदें हैं। राहुल गांधी को रायबरेली सीट से प्रत्याशी बनाकर कांग्रेस ने उत्तर भारत में मतदाताओं को प्रभावित करने का आक्रामक रुख दिखाया है। लंबी कशमकश के बाद आखिरकार कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। पिछले कुछ दिनों से इन सीटों के संभावित उम्मीदवारों को लेकर जैसी गहन चर्चा चल रही थी, उससे साफ है कि यह सिर्फ दो सीटों का मामला नहीं रह गया था। गांधी परिवार का जुड़ाव ये दोनों सीटें न सिर्फ लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ रही हैं बल्कि गांधी परिवार का पसंदीदा अखाड़ा मानी जाती रही हैं। हालांकि, अतीत में एकाधिक मौकों पर इन सीटों की नुमाइंदगी गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति के हाथों में भी गई है, लेकिन इन सीटों को गांधी परिवार के चुनाव क्षेत्र के ही रूप में देखा जाता रहा है। ऐसे में 2019 लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी की हार और इस बार सोनिया गांधी के लोकसभा चुनाव से बाहर रहने की वजह से कांग्रेस में इन दोनों सीटों पर शून्य बन गया था, जिसे भरे जाने की जरूरत शिद्दत से महसूस की जा रही थी।

फैसले में देरी के मायने इसमें दो राय नहीं कि रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से केएल शर्मा को प्रत्याशी बनाने का फैसला करने में कांग्रेस ने काफी देर लगाई। इस देरी को लेकर तरह-तरह की कयासबाजी होती रही। लेकिन राजनीति में विलंब का भी अपना शास्त्र होता है। यह दावे से नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस नेतृत्व या गांधी परिवार के फैसले में हुई देर के पीछे अनिश्चय या असमंजस की ही भूमिका थी। इसकी कई और व्याख्याएं की जा सकती हैं।

प्रतिष्ठा का सवाल सोनिया गांधी के राज्यसभा का रुख करने के बाद राहुल गांधी के रायबरेली सीट को चुनने और प्रियंका के चुनाव में खड़ा न होने के फैसले पर भी कई तरह से टीका-टिप्पणी की जा सकती है। इखढ के कुछ नेता इसे राहुल का अमेठी से भागना बताने भी लगे हैं। हालांकि प्रत्याशी कोई भी हो, ये दोनों सीटें गांधी परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़ी हैं। इन सीटों पर जीत-हार को गांधी परिवार की जीत-हार के ही रूप में देखा जाएगा। कांग्रेस का संकेत बहरहाल, राहुल को रायबरेली सीट से प्रत्याशी बनाकर कांग्रेस ने संकेत दिया है कि साउथ के राज्यों से विशेष उम्मीदें रखते हुए भी उसने नॉर्थ और खासकर यूपी में अपनी दिलचस्पी कम नहीं होने दी है। भले राज्य में कांग्रेस का संगठनात्मक आधार हाल के वर्षों में काफी कमजोर हो गया हो, यह राजनीतिक संदेश काफी मायने रखता है। अभी जब पांच चरणों की वोटिंग बाकी है, तो कांग्रेस नेतृत्व और गांधी परिवार का यह कथित आक्रामक रुख उत्तर भारत में मतदाताओं के मन को प्रभावित कर पाता है या नहीं और करता है तो किस सीमा तक, यह देखना अब दिलचस्प होगा।

# पशु जीवन के साथ भी हो गरिमापूर्ण व्यवहार

डॉ. सत्यवान सौरभ

पशु क्रूरता में जानवरों के साथ दुर्व्यवहार के जानबूझकर, दुर्भावनापूर्ण कार्य और कम स्पष्ट स्थितियाँ शामिल हैं जहाँ किसी जानवर की जरूरतों की उपेक्षा की जाती है। जानवरों के खिलाफ हिंसा को आपराधिक हिंसा और घरेलू दुर्व्यवहार की उच्च संभावना से जोड़ा गया है। अनुच्छेद 21 में अधिकार केवल मनुष्यों को प्रदान किया गया है: लेकिन जीवन शब्द के विस्तारित अर्थ में अब बुनियादी पर्यावरण में गड़बड़ी के खिलाफ अधिकार शामिल है, इसका अर्थ यह होना चाहिए कि पशु जीवन के साथ भी आंतरिक मूल्य, सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि संविधान केवल मनुष्यों के अधिकारों की रक्षा करता है, लेकिन जीवन शब्द का अर्थ आज केवल अस्तित्व से कहीं अधिक समझा जाता है; इसका मतलब एक ऐसा अस्तित्व है जो हमें, अन्य बातों के अलावा, एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में रहने की अनुमति देता है।



पशुओं को मौलिक अधिकार स्पष्ट रूप से प्रदान किये गये हैं। अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) व्यक्तियों को दिए गए हैं। व्यक्ति का अर्थ है मनुष्य या मनुष्यों के संघ, जैसे निगम, साझेदारी, ट्रस्ट आदि अनुच्छेद 48 गायों, बछड़ों और अन्य दुधारू और माल ढोने वाले मवेशियों के वध पर रोक लगाना और उनकी नस्ल में सुधार करना, अनुच्छेद 48ए पर्यावरण की रक्षा और सुधार तथा वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा करना, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम (पीसीए अधिनियम), 1960 जानवरों के प्रति क्रूरता का कारण बनने वाले कई प्रकार के कार्यों को अपराध मानता है।

दंड संहिता में संशोधन करके, जानवरों को अनावश्यक दर्द या कष्ट देने और जानवरों को मारने या गंभीर रूप से दुर्व्यवहार करने के लिए सजा बढ़ा दी गई। इसमें क्रूरता के विभिन्न रूपों, अपवादों और किसी पीड़ित जानवर के खिलाफ कोई क्रूरता होने पर उसे मार डालने की चर्चा की गई है, ताकि उसे आगे की पीड़ा से राहत मिल सके। अधिनियम का विधायी इरादा जानवरों को अनावश्यक दर्द या पीड़ा पहुंचाने से रोकना है। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड की स्थापना 1962 में अधिनियम की धारा 4 के तहत की गई थी। यह अधिनियम जानवरों पर अनावश्यक क्रूरता और पीड़ा पहुंचाने के लिए सजा का प्रावधान करता है। यह अधिनियम जानवरों और जानवरों के विभिन्न रूपों को परिभाषित करता है। पहले अपराध के मामले में, जुमार्ना जो दस रुपये से कम नहीं होगा, लेकिन जो पचास रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। पिछले अपराध के तीन साल के भीतर किए गए दूसरे या बाद के अपराध के मामले में जुर्माना पच्चीस रुपये से कम नहीं होगा। जिसे एक सौ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है या तीन महीने तक की कैद या दोनों से दंडित किया जा सकता है। यह वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए जानवरों पर प्रयोग से संबंधित दिशानिर्देश प्रदान करता है। यह अधिनियम प्रदर्शन करने वाले जानवरों की प्रदर्शनी और प्रदर्शन करने वाले जानवरों के खिलाफ किए गए अपराधों से संबंधित प्रावधानों को स्थापित करता है।

प्रतिशोध (किए गए अपराध का बदला लेने के लिए दी गई सजा), निवारण (अपराधी और आम जनता को भविष्य में ऐसे अपराध करने से रोकने के लिए दी गई सजा), सुधार या पुनर्वास (अपराधी के भविष्य के व्यवहार को सुधारने और आकार देने के लिए दी गई सजा), कानून का खराब कार्यान्वयन और इसके द्वारा निर्धारित कम दंड से पीसीए अधिनियम अत्यंत अप्रभावी प्रतीत होता है। अधिनियम के तहत अधिकांश अपराध जमानती हैं (आरोपी अधिकार के तौर पर पुलिस से जमानत मांग सकता है) गैर-संज्ञेय (जिसका अर्थ है कि पुलिस स्पष्ट अनुमति के बिना न तो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर सकती है और न ही जांच कर सकती है या गिरफ्तारी कर सकती है। पीसीए अधिनियम के तहत जुमार्ने के रूप में निर्धारित राशि वही है जो इसके पूर्ववर्ती, पीसीए अधिनियम 1890 में निर्धारित है। जुमार्ना महत्वहीन है (कई मामलों में 0 से कम) क्योंकि 130 से अधिक वर्षों में उनमें संशोधन नहीं हुआ है। कानून को इस तरह से लिखा गया है कि मामले से निपटने वाली अदालत को आरोपी पर कारावास या जुमार्ना लगाने के बीच चयन करने का विवेक है। यह पशु क्रूरता के अपराधियों को अधिकांश मामलों में केवल जुमार्ना अदा करके पशु क्रूरता के सबसे क्रूर रूपों से बच निकलने की अनुमति देता है। कानून में स्वयं 'सामुदायिक सेवा' के लिए कोई प्रावधान नहीं है जैसे कि सजा के रूप में पशु आश्रय में स्वयंसेवा करना, जो संभावित रूप से अपराधियों को सुधार सकता है। जानवरों के लिए पाँच मौलिक स्वतंत्रताओं का समावेश, दंडों में वृद्धि और विभिन्न अपराधों के लिए जुमार्ने के रूप में भुगतान की जाने वाली धनराशि, नए संज्ञेय अपराधों को जोड़ना, मसौदा विधेयक में पशु क्रूरता के मामले से निपटने वाली अदालत के लिए दो विकल्पों के रूप में कारावास और जुमार्ने का प्रावधान जारी रखा गया है।

पशुओं को मौलिक अधिकार स्पष्ट रूप से प्रदान किये गये हैं। अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) व्यक्तियों को दिए गए हैं। व्यक्ति का अर्थ है मनुष्य या मनुष्यों के संघ, जैसे निगम, साझेदारी, ट्रस्ट आदि अनुच्छेद 48 गायों, बछड़ों और अन्य दुधारू और माल ढोने वाले मवेशियों के वध पर रोक लगाना और उनकी नस्ल में सुधार करना, अनुच्छेद 48ए पर्यावरण की रक्षा और सुधार तथा वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा करना, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम (पीसीए अधिनियम), 1960 जानवरों के प्रति क्रूरता का कारण बनने वाले कई प्रकार के कार्यों को अपराध मानता है। यह चिकित्सा उन्नति सुनिश्चित करने की दृष्टि से प्रयोगों के लिए जानवरों के उपयोग की छूट देता है।

भले ही विधेयक का मसौदा कानून बन जाए, फिर भी अपराधियों के लिए मामूली जुर्माना भरना और अत्यधिक क्रूरता के कुछ कृत्यों के लिए कारावास से बचना संभव होगा। अपनी सीमाओं के साथ, मसौदा विधेयक का अधिनियमन भारत में पशु कानून के लिए एक बड़ा कदम हो सकता है। भारत को दुनिया के सभी देशों के लिए एक महान उदाहरण स्थापित करना चाहिए। हमें एक उदाहरण स्थापित करना चाहिए, इसलिए नहीं कि मुझे लगता है कि हम श्रेष्ठ हैं लेकिन क्योंकि हमने किसी भी अन्य देश की तुलना में कहीं अधिक अहिंसा के बारे में बात की है, इसलिए जितना अधिक हम इसके बारे में बात करेंगे, इसे व्यवहार में लाने की जिम्मेदारी उतनी ही अधिक होगी। नई सरकार को यह जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए ताकि पीसीए अधिनियम (1960) में संशोधन अंततः दिन के उजाले को देख सके।

अनुच्छेद 21 में अधिकार केवल मनुष्यों को प्रदान किया गया है: लेकिन जीवन शब्द के विस्तारित अर्थ में अब बुनियादी पर्यावरण में गड़बड़ी के खिलाफ अधिकार शामिल है, इसका अर्थ यह होना चाहिए कि पशु जीवन के साथ भी आंतरिक मूल्य, सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि संविधान केवल मनुष्यों के अधिकारों की रक्षा करता है, लेकिन जीवन शब्द का अर्थ आज केवल अस्तित्व से कहीं अधिक समझा जाता है; इसका मतलब एक ऐसा अस्तित्व है जो हमें, अन्य बातों के अलावा, एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में रहने की अनुमति देता है।

## कुछ पता नहीं चलता

प्रस्तुति करंट क्राइम



संजीव शर्मा
(पूर्व पार्षद गांधीनगर)

दोस्तों का पता नहीं चलता,
दुश्मनों का पता नहीं चलता।

दौर इतना खराब आया है,
कुछ किसी का पता नहीं चलता।

जिंदगी में सभी अकेले हैं,
फासलों का पता नहीं चलता।

कब बदल जाए शहर का मौसम,
आज कल ये पता नहीं चलता।

सामने कौन आके बैठ गया,
आइने को पता नहीं चलता।

जिंदगी मौत की गिरफ्त में हैं,
मर रहा हूं पता नहीं चलता।

## राशिफल

**मेष:** शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष:** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कर्क:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। कारोबारी यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**सिंह:** मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**कन्या:** आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन:** क्रोध के अतिरेक से बचें। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव बढ़ेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आत्मसंयत रहें।

## चुटकुले

टीचर- राहुल बताओ...अकबर ने कब तक शासन किया था ?
राहुल- मैडम जी....पेज नंबर 14 से लेकर पेज नंबर 22 तक...

---

स्टेशन पर अनाउंसमेंट हो रही थी- 'भारी वर्षा की वजह से ट्रेन लेट चलेगी'.
टिल्लू- वर्षा इतनी भारी है,
तो वर्षा को ट्रेन से उतार क्यों नहीं देते?

---

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी
लड़का- पहचाना मुझे
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी
तू तो रोज मुर्गा ही बनता था
हो गयी न चौड़े में बेइज्जती।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंग्रेजी के सभी शब्दों में रएळ के सबसे ज्यादा अर्थ निकलते हैं।
- मेंढ़क आंख बंद करके ही कुछ निगल सकता है, बिना आँख बंद किये नहीं निगल सकता।
- इंसान का खून दिन भर में उसके शरीर का लगभग 1000 चक्कर लगाता है।
- काम करते समय खुद से बातचीत करने से ध्यान भटकना कम हो जाता है।
- जिस हाथ से आप लिखते हैं, उस हाथ के नाखून जल्दी बढ़ते हैं।
- भारत मुस्लिम देश न होते हुए भी यहाँ की मुस्लिम आवादी दुनिया में तीसरे स्थान पर आते हैं।
- दुनिया का सबसे पुराना चिंगम 9000 साल पहले बना था।
- जिराफ की जीभ 21 इंच लंबी होती है. जिससे वो अपना कान भी साफ कर सकता है।
- हमारी पृथ्वी के तीन चौथाई हिस्से में जल है, पृथ्वी पर मौजूद कुल पानी में से 97 प्रतिशत पानी खारा हैऔर पीने लायक नहीं है।
- औसतम महिलाएं हर रोज 20,000 शब्द बोलती हैं, जो कि पुरुषों के औसत से 13000 शब्द ज्यादा है।

# कोटक महिंद्रा बैंक' का मुनाफा बढ़ा 18 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही के नतीजों का एलान कर दिया है। प्राइवेट सेक्टर के तीसरे सबसे बड़े बैंक को मार्च तिमाही में 4133 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 18 फीसदी अधिक है। ब्याज से कमाई 13 फीसदी बढ़कर 6909 करोड़ रुपये पर रही है। बैंक ने एनालिस्टों की उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है।

कोटक महिंद्रा बैंक को मार्च तिमाही में 4,133 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है। कोटक महिंद्रा बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही के नतीजों का एलान कर दिया है। प्राइवेट सेक्टर के तीसरे सबसे बड़े बैंक को मार्च तिमाही में 4,133 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 18 फीसदी अधिक है। कोटक की ब्याज से कमाई 13 फीसदी बढ़कर



6,909 करोड़ रुपये पर रही है। बैंक ने एनालिस्टों की उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। सेट क्वालिटी भी बेहतर हुई मार्च तिमाही में बैंक का ग्रॉसघटकर 1.39 फीसदी पर आ गया।

यह पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1.78 फीसदी पर था। नेट एनपीए भी सालाना आधार पर 0.37 फीसदी से कम हो कर 0.34 फीसदी पर आ गया है।

कोटक बैंक की नेट इंटरेस्ट मार्जिन तिमाही आधार पर 5.22 फीसदी से बढ़कर 5.28 फीसदी पर रही है। 2 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड कोटक महिंद्रा बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड देने की बात कही है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# भारत जून-जुलाई में करेगा दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम इस साल जून-जुलाई में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच तीनों प्रारूपों के मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच शामिल हैं। सीमित ओवरों के मैच बेंगलुरु, जबकि टेस्ट चेन्नई में होगा कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के एक अधिकारी ने बताया कि वनडे और टी20 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे, जबकि टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा। वनडे मैच 16 जून से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जबकि एकमात्र टेस्ट 28 जून से एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद दोनों टीमें पांच, सात और नौ जुलाई को टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए बेंगलुरु लौटेंगी। फिलहाल बांग्लादेश दौरे पर है टीम भारतीय महिला टीम फिलहाल बांग्लादेश दौरे पर है जहां वह पांच मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा ले रही है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम ने बांग्लादेश से इस सीरीज में पहले ही 3-0 की बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच सीरीज के सभी मुकाबला सिलहट में खेले जा रहे हैं। महिला टी20 विश्व कप का आयोजन बांग्लादेश में ही होना है, इसलिए भारत का बांग्लादेश दौरा काफी अहम है।

### टी20 विश्व कप को देखते हुए अहम है सीरीज

इस टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप खेला जाएगा। सफेद गेंद प्रारूप की सीरीज मूल रूप से पिछले साल के आखिर में खेली जानी थी और यह आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का हिस्सा थी, लेकिन पिछले साल अक्टूबर और नवंबर के बीच भारत में आयोजित 50 ओवर के आईसीसी पुरुष विश्व कप के कारण इसे आगे बढ़ाना पड़ा था। सीमित ओवरों की सीरीज में अब एक टेस्ट मैच को भी शामिल कर लिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) पारंपरिक प्रारूप में महिला क्रिकेट को और अधिक प्रोत्साहन देना चाहता है। मालूम हो कि भारत ने पिछले साल दिसंबर में मुंबई में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट खेला था। भारत ने उन मैचों में इंग्लैंड को महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़े 347 रनों से और ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया था।

# सिराज और यश से अधिक आक्रामक तेज गेंदबाजी देखने की उम्मीद है : फ्लावर

**बेंगलुरु।** लगभग तीन सप्ताह के बाद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में वापसी के साथ, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने आईपीएल 2024 अभियान में आज होने वाले मैच के लिए उत्साहित है। हैदराबाद और अहमदाबाद में आरसीबी की लगातार जीत का एक महत्वपूर्ण घटक उनकी आक्रामक तेज गेंदबाजी थी; मुख्य कोच एंडी फ्लावर गुजरात टाइटंस के खिलाफ आज के मुकाबले में मोहम्मद सिराज और यश दयाल जैसे खिलाड़ियों को और अधिक देखने के लिए उत्सुक हैं। आरसीबी मैच के दिन मुख्य कोच फ्लावर ने कहा, हमारे बल्लेबाज निश्चित रूप से न केवल अच्छे बल्लेबाजी डेक पर बल्कि हमारे शानदार दर्शकों के सामने भी बीच में बल्लेबाजी करना चाहेंगे। मुझे यह देखकर आनंद आया कि हमारी तेज गेंदबाजी इकाई वास्तव में आक्रामक अंदाज में गेंदबाजी कर रही है। हमने पिछले तीन मैचों में उन्हें पावरप्ले में



अधिक विकेट लेते देखा है। इसलिए हम यश दयाल और विशेष रूप से सिराज जैसे खिलाड़ियों से अधिक आक्रामक तेज गेंदबाजी देखने पर विचार कर रहे हैं, जो विशेष रूप से अपने यॉर्कर के साथ उत्कृष्ट रहे हैं।" आरसीबी के आईपीएल सीजन में अभी चार मैच बाकी हैं, फ्लावर दृढ़ता से विश्वास बनाए हुए है। उन्होंने कहा, प्लेऑफ की उम्मीदें अभी भी जीवित हैं और यह एक शानदार स्थिति है, जाहिर तौर पर हम प्लेऑफ के बहुत करीब होना पसंद करते, लेकिन हम अभी भी वहां हैं, संभावनाएं अभी भी हैं और हम अभी भी विश्वास कर रहे हैं। इस बीच, कप्तान फाफ डु प्लेसिस को इस बात पर गर्व है कि उनकी टीम ने पिछले कुछ मैचों में कैसे चरित्र दिखाया और चीजों को बदल दिया। प्रदर्शन का दबाव हमेशा रहता है, यह खेल का हिस्सा है। जब आप जीत रहे होते हैं तो दबाव भी होता है, आपको प्रदर्शन करने की जरूरत होती है। मेरे लिए कप्तानी के नजरिए से अच्छी बात यह है कि हम उस शैली की क्रिकेट खेल रहे हैं जिसे हम लंबे समय से खेलना चाहते थे इसलिए यह अधिक खुशी की बात है कि हम खुद के साथ न्याय कर रहे हैं जबकि पहले, विपरीत हो रहा था। डु प्लेसिस ने कहा, लड़कों पर गर्व है और जिस तरह से वे खड़े हुए हैं। जब आप खराब स्थिति में होते हैं तो इसमें बहुत अधिक चरित्र की आवश्यकता होती है, इसलिए लड़कों ने वास्तव में अच्छी प्रतिक्रिया दी है और जिस तरह से उन्होंने पिछले तीन मैच खेले हैं वह वास्तव में अच्छा रहा है। आज रात के मैच की तैयारी में कुछ बारिश हुई है लेकिन कोच फ्लावर को नहीं लगता कि यह कोई बड़ा कारण होगा।फ्लावर ने कहा, बारिश ने वास्तव में हमारी तैयारी या चयन में बहुत अधिक बदलाव नहीं किया है। यह शानदार है कि चिन्नास्वामी में इतनी अच्छी जल निकासी व्यवस्था है, इसलिए मुझे नहीं लगता कि यह कोई बड़ा कारक है, लेकिन मुझे पता है कि बेंगलुरु को पानी की जरूरत है, इसलिए इस खूबसूरत बारिश का होना शानदार है।

# स्टिमैक ने संभावितों की पहली सूची की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 प्रारंभिक संयुक्त योग्यता दौर 2 मैचों की तैयारी के लिए भुवनेश्वर शिविर के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की अपनी पहली सूची की शनिवार को घोषणा की। संभावितों की दूसरी सूची कुछ दिनों में घोषित की जाएगी।



दिलचस्प बात यह है कि संभावितों की पहली सूची में मोहन बागान सुपर जायंट्स और मुंबई सिटी एफसी के खिलाड़ी नहीं हैं क्योंकि वे आज कोलकाता में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फाइनल में भाग लेंगे। स्टिमैक शायद इन दोनों टीमों के खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजर डालना चाहते हैं ताकि सबसे फिट खिलाड़ियों को दूसरी सूची में जोड़ा जा सके। भारत 10 मई को ओडिशा की राजधानी में अपना प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगा। ब्लू टाइगर्स ग्रुप ए के अपने आखिरी दो मैचों में 11 जून को दोहा में कतर का सामना करने से पहले 6 जून को कोलकाता में कुवैत से भिड़ेगा। भारत वर्तमान में ग्रुप में, चार मैचों में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। समूह की शीर्ष दो टीमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के राउंड 3 के लिए क्वालीफाई करेंगी और एएफसी एशिया कप सऊदी अरब 2027 में अपनी जगह बुक करेंगी।

# हम सीएसके मुकाबले के लिए विजयी संयोजन पर कायम रहेंगे : सुनील जोशी

**धर्मशाला।** विशेषज्ञों ने हमेशा विजेता संयोजन को नहीं बदलने की राय दी है और पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच 53 में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से रविवार दोपहर को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में भिड़ने पर सदियों से चली आ रही परंपरा का पालन करेगी। ।लगातार दो जीत के बाद पंजाब किंग्स का सामना कुछ ही दिनों में दूसरी बार पांच बार की चैंपियन सीएसके से होगा क्योंकि वे सातवें स्थान से आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे जो वर्तमान में स्टैंडिंग में हैं और प्लेऑफ में जगह बनाने की चुनौती पेश करेंगे। रविवार का मैच इस सीजन में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, धर्मशाला में उनका पहला मैच है और पीबीकेएस के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी ने बताया कि उनकी टीम आईपीएल मैचों के लिए धर्मशाला की यात्रा का आनंद क्यों लेती है। जोशी ने शनिवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, धर्मशाला का



मैदान क्रिकेट की दुनिया में सबसे अच्छे मैदानों में से एक है, क्योंकि हमें यहां खेलने का मौका और सतह मिलती है। यह एक शानदार मैदान है। पंजाब ने पिछले सप्ताह विश्व टी20 रिकॉर्ड 262 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को हराया था। इस सप्ताह की शुरूआत में, पीबीकेएस ने 163 रनों का पीछा करते हुए 7 विकेट और 13 गेंद शेष रहते हुए चेन्नई सुपर किंग्स पर बड़ी जीत हासिल की थी। सकारात्मक मानसिकता के साथ प्रतियोगिता में प्रवेश करते हुए और दो ठोस जीतों के साथ, जोशी ने कहा कि उनकी टीम उसी टीम संयोजन के साथ रहेगी। उन्होंने कहा, नहीं, हमें नहीं लगता कि हम कोई बदलाव करेंगे क्योंकि हम विजेता टीम को बरकरार रखना चाहते हैं। पूर्व भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर ने आगे कप्तान शिखर धवन की चोट की स्थिति पर अपडेट दिया और धवन की अनुपस्थिति में प्रभावी ढंग से नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए सैम करेन की भी प्रशंसा की। जोशी ने कहा, धवन का पुनर्वास सही रास्ते पर है। वह अच्छा कर रहे हैं। वह अगले मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं। उम्मीद है कि वह अंतिम दो मैचों के लिए वापस आ जाएंगे। उन्होंने कहा, शिखर पिछले साल भी घायल हो गए थे। वह अच्छा खेल रहे थे लेकिन उनकी चोट के कारण सैम को कप्तान बनना पड़ा। सैम एक बार फिर एक लीडर के रूप में सामने आए हैं और उन्होंने टीम के साथ कदम बढ़ाया है। टूर्नामेंट उस स्तर पर पहुंच गया है जहां सभी टीमें शीर्ष चार स्थानों पर कब्जा करने और प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। जोशी ने जोर देकर कहा कि उनका पक्ष सही परिणाम प्राप्त करने पर केंद्रित है और अंक तालिका की गणना पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित नहीं है। "हमने जो टीम बातचीत की है, उसमें हमारा दृष्टिकोण सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना और मैच जीतने के लिए खेलना है। टेबल की गणना अपने आप आ जाएगी, हम उस हिस्से को बहुत करीब से नहीं देख पाते, हम यह देखते हैं कि वे कौन से क्षेत्र हैं जिनमें हम बेहतर कर सकते हैं, हमने पिछले कुछ मैचों में क्या नहीं किया है, हम सबसे अच्छा क्या कर सकते हैं और हम एक टीम के रूप में कैसे सुधार कर सकते हैं। हमने खिलाड़ियों के साथ यही बातचीत की है। उन्होंने कहा, हमारी कार्ययोजना जीतते रहने की है। चुनौती हमेशा बल्ले और गेंद से होती है। यह एक अच्छी सतह है, मैं खिलाड़ियों से कहता रहता हूं कि वे अपने कौशल का प्रदर्शन करें।

# उबेर कप फाइनल में मेजबान चीन का मुकाबला इंडोनेशिया से होगा



**चेंगदू (चीन)।** मेजबान चीन शनिवार को सेमीफाइनल में जापान को 3-0 से हराने के बाद उबेर कप खिताब के लिए इंडोनेशिया के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेगा। इंडोनेशिया ने अपने मजबूत एकल खिलाड़ियों के दम पर यहां थॉमस और उबेर कप फाइनल 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 3-2 से हरा दिया।

ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई ने अया ओहोरी को सीधे गेमों में 21-18, 21-15 से हरा दिया, दुनिया की नंबर 1 चेन किंगचेन और जिया यिफान ने डबल्स में नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा को 14-21,21-13, 23-21 से हराकर स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद ही बिंगजियाओ ने नोजोमी ओकुहारा को 21-8, 21-18 से हराकर चीन के लिए अंतिम स्थान पक्का किया।

2016 के बाद पहली बार घरेलू धरती पर खेलते हुए, टूर्नामेंट के इतिहास में 15 खिताबों के साथ रिकॉर्ड धारक चीन का लक्ष्य दो साल पहले दक्षिण कोरिया से हारने के बाद खिताब दोबारा हासिल करना है।

शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को इंडोनेशिया ने सभी तीन एकल मैच जीतकर गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 3-2 से हरा दिया और 2008 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचा।

सिम यू जिन पर 21-15, 21-13 की जीत के साथ इंडोनेशिया के लिए पहला अंक लेने वाली ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग ने कहा, पिछले 14 वर्षों में यह हमारा पहला सेमीफाइनल था, इसलिए इस मैच को जीतना टीम के लिए बहुत मायने रखता है। बचपन से ही मेरा सपना उबेर कप जीतना था।

पहले युगल में बाक हा-ना और ली सो-ही ने अप्रियानी रहायु और सिटी फादिया सिल्वा रामधंती को 21-6, 21-18 से हराकर स्कोर बराबर किया।

जब एस्टर नुरुमी ट्राई वाडोयी ने किम गा-रैम पर 20-22, 21-16, 21-12 से जीत दर्ज की तो इंडोनेशिया ने फिर से बढ़त हासिल कर ली, जियोंग ना-इउन और कोंग ही-योंग ने लैनी त्रिया मायासारी और रिब्का सुगियार्तो के खिलाफ दूसरा युगल मैच 21-15, 21-14 से जीतकर सेमीफाइनल में फिर से बराबरी कर ली। निर्णायक तीसरे एकल मैच के दौरान, कोमांग अयु काह्या डेवी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद किम मिन-सन को 17-21, 21-16, 21-19 से हराया, जिससे इंडोनेशिया को फाइनल का टिकट मिला।

# आकाश, विश्वनाथ, निखिल और प्रीत फाइनल में

**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** चार भारतीय मुक्केबाज आकाश गोरखा, विश्वनाथ सुरेश, निखिल और प्रीत मलिक शनिवार को यहां एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में अंडर-22 पुरुष के फाइनल में पहुंच गए। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन आकाश ने 60 किग्रा वर्ग में अपना दबदबा कायम रखते हुए सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के इलियासोव सयात को 5-0 से हराया। मुकाबले की समीक्षा के बाद, मौजूदा युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने फिलीपींस के बारिकुआत्रो ब्रायन के खिलाफ 5-2 से जीत हासिल की। अन्य दो अंडर-22 पुरुष सेमीफाइनलिस्ट, निखिल (57 किग्रा) और प्रीत (67 किग्रा) ने भी क्रमशः मंगोलिया के दोर्जन्याम्बु गनबोल्ड और किर्गिस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव के खिलाफ समान 5-2 स्कोर के साथ अपने मुकाबले जीते। इस बीच, एम. जदुमणि सिंह (51 किग्रा), अजय कुमार (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा), ध्रुव सिंह (80 किग्रा), जुगनू (86 किग्रा) और युवराज (92 किग्रा) के लिए यह निराशाजनक था क्योंकि उन्होंने अंडर-22 सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया। बाद में, शनिवार रात, ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रीति (54 किग्रा) सहित नौ महिला मुक्केबाज अंडर-22 सेमीफाइनल में भाग लेंगी। अंडर-22 फाइनल



मंगलवार को खेला जाएगा। शुक्रवार रात खेले गए युवा महिला सेमीफाइनल में मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और एशियाई युवा चैंपियन निकिता चंद (60 किग्रा) के साथ पांच अन्य मुक्केबाजों ने फाइनल में प्रवेश किया। युवा वर्ग में लक्ष्य राठी (92 किग्रा), अन्नू (48 किग्रा), यात्री पटेल (57 किग्रा), पार्थवी ग्रेवाल (66 किग्रा), आकांशा फलसवाल (70 किग्रा) और निर्झरा बाना (+81 किग्रा) को हार का सामना करना पड़ा और उनका अभियान कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ। .

# रोहित को केकेआर के खिलाफ क्यों बनाया गया था इंपैक्ट प्लेयर?

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपने घर में आईपीएल 2024 का मैच खेला। इस मैच में रोहित शर्मा को इंपैक्ट प्लेयर बनाया गया था। अब रोहित को इंपैक्ट बनाने का कारण पता चल गया है। रोहित को पीठ में हल्की जकड़न थी जिसकी वजह से उन्हें इंपैक्ट प्लेयर बनाया गया था। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीयूष चावला ने कहा, उन्हें पीठ में हल्की जकड़न थी तो यह सावधानी के तौर पर किया गया था। वानखेड़े में मुंबई170 रनों का लक्ष्य हासिल करने में विफल रही थी और इसमें रोहित ने 11 गेंदों में 12 रनों का योगदान दिया था। यह इस सीजन 11 मैचों में उनकी आठ हार थी और इसके बाद उनके प्ले-ऑफ में जाने



की उम्मीदें लगभग खत्म हो गई हैं। मुंबई इस सीजन अब किस उद्देश्य के साथ खेल रही है पूछे जाने पर चावला ने कहा, गर्व और सम्मान के लिए खेल रहे हैं। कई बार ऐसा होता है कि जब आप मैदान पर जाते हैं तो यह नहीं सोचते कि आप क्वालीफाई करेंगे या नहीं। आपके अपने नाम के लिए खेलना होता है और हम उसी लिए खेल रहे हैं। चावला ने इस मैच में ड्वेन ब्रावो के 183 विकेट की टैली को पार किया और लीग इतिहास में दूसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। मैच में अपनी पहली ही गेंद पर रिंकू सिंह को कॉट एंड बोल्ड करने के साथ चावला ने यह उपलब्धि हासिल की है। अपने रिकॉर्ड पर चावला ने कहा, यह एक शानदार सफर है क्योंकि आईपीएल 17 साल पहले शुरू हुआ था और उस समय किसी ने भी स्पिनर्स को अधिक महत्व नहीं दिया था। हालांकि, अब आप देखेंगे तो टॉप-5 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों में सभी स्पिनर्स ही हैं। अश्विन, चहल और मैं तो यह एक अच्छी फीलिंग है।

# मयंक यादव आईपीएल के बचे हुए लीग मैचों से बाहर

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जॉयंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव चोट के कारण बचे हुए आईपीएल 2024 लीग मैचों से बाहर हो चुके हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने साफ किया कि मयंक अब लीग चरण के किसी भी मैच में नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा लैंगर ने यह भी कहा कि वो उम्मीद करते हैं कि मयंक नॉकआउट के लिए वापस आएं, लेकिन वास्तव में उनके लिए वापस आकर खेलना बेहद मुश्किल है। लैंगर ने कहा, मयंक का स्कैन कराया गया और उन्हें उसी जगह टियर हुआ है जहां पिछली बार हुआ था। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि हम देख चुके हैं कि वह क्या प्रभाव डाल सकते हैं। उनका रिहैब अच्छा हुआ था और पिछले मैच से पहले उन्हें बिल्कुल भी दर्द नहीं था, इसलिए यह उनके लिए बहुत दुखद है और यह टीम के लिए भी निराशाजनक है कि वह शेष टूर्नामेंट नहीं खेल पाएंगे। हम प्रार्थना करेंगे कि वह प्ले-ऑफ में खेल सकें, लेकिन वास्तविकता में उनके लिए वापस आकर टूर्नामेंट के अंत में खेल पाना काफी मुश्किल होगा। बीते मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हुए मैच में मयंक ने लगभग तीन सप्ताह बाद वापसी की थी और फिर 3.1 ओवर फेंकने के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। आईपीएल में इस सीजन उन्होंने लगातार दो मैचों में सनसनी मचाई थी और फिर पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से दूर हो गए थे। मुंबई के खिलाफ जीत हासिल करने के बाद लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने कहा था, ₹पिछले मैच में साइड पेन के कारण बाहर थे ना कि साइड स्ट्रेन के चलते। मुंबई के खिलाफ चौथे ओवर की पहली गेंद फेंकने के बाद भी उसने वही बोला कि थोड़ा दुख रहा है। मैंने कहा कि बाहर चले जाओ और पांच गेंदों के लिए खतरा मत लो। वह युवा है और हमारे लिए काफी अहम है तो हमें उसकी देखभाल करनी होगी।



# साझेदारियों की कमी हार का कारण रही : पांड्या

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने वानखेड़े स्टेडियम में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रयास के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग के 51वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स से शुक्रवार को मिली 24 रनों की हार के लिए अपने बल्लेबाजों की साझेदारी बनाने में असमर्थता को जिम्मेदार ठहराया। केकेआर की पारी के अंत में जसप्रीत बुमराह (3-18) और नुवान तुषारा (3-42) ने तीन-तीन विकेट लिए, क्योंकि मुंबई इंडियंस ने वेंकटेश अय्यर की 52 गेंदों में 70 रनों की शानदार पारी के बावजूद उन्हें 169 रनों पर सीमित कर दिया, जिन्होंने छठे विकेट के लिए मनीष पांडे के साथ 83 रन जोड़े और अपनी टीम को एक समय 57/5 की खतरनाक स्थिति से बचाया। मिचेल स्टार्क ने 4-33 विकेट लिए, 19वें ओवर में चार गेंदों में तीन विकेट लेकर मुंबई की पारी 145 रन पर समेट दी, जब स्पिन जोड़ी सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें समान 2-22 विकेट के साथ 61/4 पर रोक दिया था। मिचेल स्टार्क ने 4-33 विकेट लिए, 19वें ओवर में चार गेंदों में तीन विकेट लेकर मुंबई की पारी 145 रन पर समेट दी, जब स्पिन जोड़ी सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें समान 2-22 विकेट के साथ 61/4 पर रोक दिया था। पांड्या ने कहा कि साझेदारियों की कमी ने गेंदबाजों के शानदार प्रयास को बेकार कर दिया और पूरे आईपीएल 2024 में उनके निराशाजनक प्रदर्शन से उठे सवालों का जवाब खोजने में समय लगेगा। हार्दिक ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, जाहिर तौर पर हम साझेदारियां नहीं बना सके और विकेट खोते रहे। ऐसे कई सवाल हैं जिनका जवाब देने में समय लगेगा। लेकिन अभी ज्यादा कुछ नहीं कहना है। उन्होंने कहा कि हालांकि दूसरी पारी में विकेट बेहतर खेला और ओस भी थी जिससे केकेआर के गेंदबाजों के लिए मुश्किल हो गई, लेकिन उन्हें यह देखने के लिए फिर से मैच देखना होगा कि वे क्या बेहतर कर सकते हैं। गेंदबाजों ने इस ट्रैक पर शानदार काम किया।

# विश्व कप से पहले लय में लौटे मिचेल स्टार्क, किया आईपीएल इतिहास का अपना तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बडी खुशखबरी है कि आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 से पहले दिग्गज तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क शानदार फॉर्म में लौट आए हैं। उन्होंने मुंबई के खिलाफ आईपीएल 2024 के 51वें मैच में अपने टी20 करियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। स्टार्क ने मुंबई के खिलाफ 33 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। इससे पहले स्टार्क इससे पहले आईपीएल में बेहद निराशाजनक फॉर्म में थे और बहुत महंगे साबित हुए थे।

### टी20 फॉर्मेट में स्टार्क का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

टी20 फॉर्मेट में स्टार्क के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बात करें तो आईपीएल 2015 में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया था, इस मैच मैच में उन्होंने सिर्फ 15 रन देकर 4 विकेट लिए थे। इसके बाद 2022 में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 20 रन देकर 4 विकेट लिए जो कि उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मुंबई के खिलाफ 33 रन देकर 4 विकेट लेकर तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। इससे पहले 2012 में पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 11 रन देकर  विकेट लिए थे जो कि उनका चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### मुंबई के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने वाले केकेआर के तीसरे गेंदबाज बने स्टार्क

तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क मुंबई के खिलाफ आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने वाले केकेआर के तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। स्टार्क ने 33 रन देकर चार विकेट झटके। मुंबई के खिलाफ केकेआर के लिए चार विकेट लेने वाले स्टार्क तीसरे गेंदबाज हैं। आंद्रे रसेल ने 2021 में मुंबई के खिलाफ 15 रन देकर पांच विकेट झटके थे जो इस टीम के खिलाफ केकेआर के किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। सुनील नरेन ने 2012 और 2014 में दो बार मुंबई के खिलाफ चार-चार विकेट लिए हैं। अब स्टार्क भी इस लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

# चंद्रनगर में चल रही श्री राम कथा में पहुंचे आचार्य प्रमोद कृष्णम



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कथावाचक पंडित गोडेश्वर मुकुंद दास ने बताया कि भगवान श्रीराम आस्था के महान प्रतीक हैं। हम आपको भगवान श्रीराम और रामायण से जुड़े दस रहस्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा रामायण में भगवान राम के लिए माता कैकेयी द्वारा चौदह वर्षों का वनवास मांगने के समय का विस्तारपूर्वक वर्णन प्रस्तुत है।

माता कैकेयी भगवान राम को अपने पुत्र भरत से भी अधिक प्रेम करती थी, लेकिन वह भगवान राम के लिए चौदह वर्षों का वनवास कैसे मांग सकती थी। रामायण की कथा के अनुसार माता कैकेयी ने अपने पुत्र को राज सिंहासन पर बैठने के लिए भगवान राम को चौदह वर्ष के वनवास पर भेजा था। भगवान राम के लिए राजा दशरथ से वनवास मांगने के बाद माता कैकेयी को समस्त संसार में घृणा का पात्र बना दिया था।

माता कैकेयी ने राजा दशरथ अथवा रघुवंश को बचाने के लिए भगवान राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास मांगा था, जिसके कारण पुत्र वियोग में राजा दशरथ की मृत्यु हो गई। राम को 14 वर्ष का वनबास मांगा वनवास मांगा भगवान राम खुशी-खुशी बन को जाने के लिए तैयार हो गए तब उनके साथ सीता माता और लक्ष्मण भी उनकी सेवा के लिए चले गए। नदी पार करके यह लोग रुक ही थे की भरत जी जी तीनों माता और पूरे अयोध्यावासी के साथ भगवान राम लक्ष्मण और सीता जी को वापस बुलाने के लिए पहुंचे और प्रेम से एक दूसरे के गले मिले राम जी ने अयोध्या जाने से मना कर दिया। क्योंकि उन्होंने कहा रघुकुल रीत सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जाए। शनिवार को चंद्र नगर संकट मोचन हनुमान मंदिर चल रही श्री राम कथा में पहुंचे आचार्य प्रमोद कृष्णम जिनका फूल माला उसका स्वागत किया गया और उन्होंने आरती भी की। इस मौके पर रीता सिंह ने आचार्य प्रमोद कृष्णम का स्वागत किया। इस अवसर पर रीता सिंह, विश्वम्भर श्रीवास्तव, अनिल अग्रवाल, हरिमोहन भटनागर, अनुपमा श्री वास्तव, आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद ने स्कूल में पानी के जार दिए




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद इंदिरापुरम (मुख्य शाखा) ने सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत नगर निगम प्राथमिक विद्यालय मकनपुर एवं बालिका इंटर कालेज मकनपुर में पीने के पानी जल भंडारण सुविधा उपलब्ध कराई। दोनों स्कूलों में 20 लीटर के वाटर जार टोंटी युक्त उपलब्ध करा सेवा कार्य को गति दी। इस अवसर पर शाखा अध्यक्षा विनिता वाजपेयी, सचिव रविन्द्र तिवारी, महिला संयोजिका रिचा वालिया निशा मित्तल, पीके बनर्जी, अजेय कुमार, अरूण शर्मा मुख्यरूप से रहे। प्रिंसिपल अनीता वशिष्ठ, ने परिषद के इस सेवा भाव को स्वयं संज्ञान लेकर करने का आभार जताया एवं निरंतर 15 वर्षो से छात्राओं के समर्ग विकास में सहयोगी रूप में धन्यवाद दिया। प्राथमिक विद्यालय प्रधानाचार्य भारती ने भी परिषद परिवार के स्वयं संज्ञान ले इस पुनीत कार्य की सराहना की।




## सिटी के दो थ्री-स्टार आंएगे रडार पर



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों चर्चा सुनाई दे रही है कि सिटी जोन के दो थ्री-स्टार चुनावी आचार संहिता खत्म होने के बाद रडार पर आएंगे। कमिश्नरेट वाले सूत्रों की ओर से बताया जा रहा है कि दोनों की वर्किंग को लेकर सवाल हो रहे हैं। इसके साथ ही क्राइम कंट्रोल के मामले में भी वह ठीक नहीं बताए जा रहे हैं। एक इलाके के थ्री-स्टार से इलाके के साहब नाराज हैं, तो दूसरे इलाके के साहब अपने थ्री- स्टार की वर्किंग को लेकर लगातार चिंता में बने रहते हैं कि कोई बड़ा बवाल ना हो जाए। माना जा रहा है की घटना होने पर जितने एक्टिव इलाके वाले अधिकारी रहते हैं। दोनों थ्री-स्टार उतना पेन नहीं लेते हैं। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं एक थ्री-स्टार के क्षेत्र में बीते कुछ दिनों के दौरान हत्याओं और चोरियों के मामलों ने प्रशासनिक अधिकारियों को फटकार दिलवाई है। तो वही दूसरे वाले थ्री-स्टार के क्षेत्र में देर रात को होने वाले कांड अधिकारियों के कानों तक पहुंच गए हैं। सूत्र बता रहे हैं कि दोनों सिटी क्षेत्र में लंबे समय से पारी खेल रहे हैं लेकिन कुछ गड़बड़ी वाला सीन इन दिनों सुनाई दे रहा है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन के लिए चुनाव के बाद इससे भी बड़ी खबर हो सकती है। बताया जा रहा है कि इलाके वाले साहब अभी कमिश्नरेट वाले पैटर्न पर खुद को ढाल नहीं पा रहे हैं। वही उनके कार्यालय के पास का जो सबसे चर्चित क्षेत्र है। वहां पर भी वह अपना वर्चस्व नहीं दिखा पा रहे हैं। यह और बात है कि कई थानाक्षेत्र में वह घंटे में खुलासे कर दे रहे हैं, तो कई थानाक्षेत्रों में वारदात अभी अनसुलझी हुई हैं। कई बड़ी लूट और चोरियां अभी पैंडिंग चल रहे बताए जा रहे हैं। उधर सूत्रों पर भरोसा करें तो कहा जा रहा है कि रेलवे स्टेशन के निकट वाले थाने का मामला टाइट हो सकता है। तो वहीं हिंडन नदी से सटे हुए इलाके वाले थ्री-स्टार को लेकर भी कोई खबर जून में सुनने को मिल सकती है। वैसे अभी चोरी का ग्राफ बढ़ेगा और कमिश्नरेट के कई थाना प्रभारी का ब्लड प्रेशर भी इससे बढ़ेगा। बताया जा रहा है कि बड़े साहब और दूसरे नंबर वाले साहब इन दिनों जल्द ही बैठकें तेज करने वाले हैं। कुल मिलाकर दो थ्री-स्टारों के बदलाव वाले सीन के बाद एक खास ऑफिस से किसी के तार जुड़ने हैं, ऐसा सुनने में आ रहा है। वहीं कहा जा रहा है कि जून में पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कई कुर्बानी की सूचनाएं सुनाई देंगी।

## न्यूज डायरी

### छात्रा व युवती लापता, अनहोनी की आशंका, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी में पंद्रह वर्षीय कक्षा दस की छात्रा संदिग्ध हालात में लापता हो गई। परिजनों ने एक युवक पर अपहरण की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उनकी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा दस की छात्रा है। शुक्रवार शाम साढ़े सात बजे छात्रा घर से बाहर गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी जब वह नहीं मिली तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने एक युवक पर अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि कृष्णा निवासी मोहदिनपुर अंजोली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी गई है। इसके अलावा एक गांव से भी एक युवती लापता हो गई। परिजनों ने गांव निवासी रवि के खिलाफ ही अपहरण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### घर में घुसकर दंपति को पीटा, पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव भिक्कनपुर में घर के बाहर बाइक खड़ी करने से मना करने पर दंबगों ने एक परिवार को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव भिक्कनपुर निवासी महिला जगरोशनी ने बताया कि वह परिवार के साथ ईट भट्टे पर काम करती है। जिस स्थान पर वह रहती है, वहां का रास्ता संकरा है। पडोसी में रहने वाले युवक सोनू अक्सर घर के बाहर बाइक खड़ी कर देता है, जिस कारण आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार शाम को बाइक उसी जगह खड़ी कर दी, जब मना किया तो गाली गलौच करने लगे और घर में घुसकर महिला व उनके पति मल्लूराम को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। धारदार हथियार से वार कर मल्लूराम का सिर फाड़ दिया। गंभीर हालत में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर सोनू, सुनील, संजय, आन्नद व पूजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### दो लाख रुपए की नकदी व जेवरात चोरी

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव जलालपुर में बदमाश घर में घुसकर सेफ का ताला खोलकर दो लाख रुपए की नकदी व लाखों की कीमत के सोने के जेवरात चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गांव जलालपुर निवासी दीपक कुमार परिवार सहित रहते हैं। देर रात वह घर की प्रथम तल पर सो रहे थे, जबकि भाई नीचे सो रहा था। उनकी बहन खुशी सुबह तीन बजे उठी और पढ़ाई करने लगी। इसी बीच खुशी को कोई पर्दे के पीछे दिखाई दिया। युवती को देखकर पर्दे के पीछे छिपा बदमाश टार्च मुंह पर मारता हुआ फरार हो गया। युवती द्वारा शोर मचाने पर बदमाश का पीछा किया गया, लेकिन वह फरार हो गया। दीपक कुमार ने बताया कि देर रात बदमाश घर के अंदर आ गए और उसका साथी पड़ोसी की छत पर पहरा दे रहा था। दीपक कुमार ने बताया कि बदमाश को पता था कि सेफ की चाबी कहा रखी हुई है। बदमाश ने चाबी उठाकर सेफ का ताला खोला और उसमें रखे करीब दो लाख रुपए की नकदी, सोने के जेवरात, जिनकी कीमत छह लाख के आसपास है चोरी करके ले गया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

### गंगनहर पटरी पर मिला शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में गंगनहर पटरी पर एक व्यक्ति का शव पड़ा होने से हड़कंप मचा गया। पुलिस ने शव को भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। एसीपी मंसूरी सर्किल नरेश कुमार ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव गंगनहर पटरी पर पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 55 साल के आसपास है और वह गंगनहर पटरी पर ही काफी समय से भीख मांगता रहता था। उसका यह पता नहीं चल पाया कि वह कौन है।

### चोरी कर भाग रहे किशोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक व्यापारी की दुकान के गल्ले से हजारों रुपए चोरी कर भाग रहे किशोर को भीड़ ने धर दबोचा। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक को नामजद कर रिपोर्ट दर्ज की है।

भोजपुर थानान्तर्गत गांव त्योड़ी 13 बिस्वा निवासी इरफान की गांव में परचून की दुकान है। जब वह सुबह दुकान के बाहर झाड़ू से साफ सफाई का कार्य कर रहे थे, तभी गांव का ही एक किशोर आया और इस बीच उसने गल्ले में रखे पांच हजार रुपए चुरा लिये। चोरी की यह वारदात देख व्यापारी इरफान ने शोर मचा दिया और उसके भतीजे आमिर ने पीछा कर युवक को दबोच लिया। शोर सुन भीड़ जुट गयी तो व्यापारी ने गल्ले से पांच हजार रुपए चोरी होने की जानकारी दी तो किशोर की जेब से चोरी के रुपए बरामद हो गये। सूचना पर मौके पर पंहुची पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर आरोपी किशोर से पांच हजार रुपए बरामद कर जेल भेज दिया।

### अनियंत्रित बाइक खेत में गिरी, युवक की मौत

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र स्थित बहादरपुर शाहपुर मार्ग पर एक बाइक अनियंत्रित होकर खेत में गिर गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव मकरेड़ा निवासी हरचंद्र परिवार सहित रहते हैं उनका 24 वर्षीय पुत्र करिया शुक्रवार रात को बाइक से बहादरपुर शाहपुर मार्ग पर जा रहा था। जब वह बीच रास्ते पर पहुंचा तो अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और गहरे खेत में जा गिरी। युवक काफी देर तक खेत में पड़ा रहा। वहां से गुजर रहे एक राहगीर ने उसे देखा तो ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने तुरन्त उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# मसूरी थाने मे तैनात जलवीरो व थाना निरीक्षक नरेश शर्मा को जन शक्ति संगठन ने फूल माला पहनाकर किया सम्मानित




**मोमेंटो देकर व पटका भी पहनाया, और जमकर की तारीफ**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मसूरी थाना क्षेत्रांतर्गत नाहल-झाल स्थित गंगनहर में गर्मी की तपिश से बचने के लिये दूर-दूर से गंगनहर में नहाने के लिये जमावड़ा लगा रहता है। शुक्रवार सांय नाहल झाल स्थित गंगनहर में नहाते समय एक युवक तेज बहाव गहरे पानी में बहने लगा तभी वहां नजदीक नाहल-झाल चौकी पुलिस को सूचना दी गई। वहां चीता पर तैनात अंडरट्रेनी दरोगा जितेन्द्र चौहान व कुलदीप कुमार ने चौकी पर रखा रस्सा लिया और गंगनहर में डूब रहे युवक को गंगनहर के तेज बहाव से बाहर निकाला। युवक ने अपना नाम गुड्डू 23 निवासी मेरठ बताया। वह यहां रिश्तेदारी में आया हुआ था। गंगनहर से बाहर निकलकर गुड्डू ने मसूरी पुलिस के जलवीरो का शुक्रिया अदा किया। वहां मौजूद सभी नहाने वालों ने मसूरी पुलिस के जलवीरो की जमकर तारीफ की। पुलिस ने उसके साथ आये दो युवकों को सोंपा युवक को। एसीपी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला अभी संज्ञान में आया है, और दोनों सब इंस्पेक्टर ने गंगनहर में डूब रहे युवक की जान बचाकर सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए अपने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया जायेगा। जन शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप प्रधान के निर्देश अनुसार गाजियाबाद जिले के जिला अध्यक्ष राजा दीवान के नेतृत्व में एवं संगठन के संरक्षक एवं सभी पदाधिकारी के मसूरी थाने पहुंच कर जलवीरो को किया सम्मानित, वही जन शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप प्रधान (भाजपा नेता) ने दोनों जल वीरो की जमकर प्रसंसा की और दोनों जलवीरो को अपनी पूरी टीम के साथ सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों मे वरिष्ठ पत्रकार अरुण चन्द्रा (राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी जन शक्ति संगठन) चौधरी देवेंद्र सागवान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अनिल प्रजापति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजीव कुमार राष्ट्रीय महामंत्री, नितिन कौशिक राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी, प्रोफेसर योगेश शर्मा राष्ट्रीय महासचिव, महावीर आर्य राष्ट्रीय संरक्षक, पंडित हरिकांत शर्मा राष्ट्रीय संरक्षक, राजा दीवान जिला अध्यक्ष जनशक्ति संगठन गाजियाबाद, फरमान चौधरी संगठन पदाधिकारी, जितेंद्र चौधरी संगठन पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## रहस्मय गैस फैलने से कई लोगों के दम घुटने की शिकायत, अफरा तफरी का माहौल

मोदीनगर (करंट क्राइम)। शनिवार की अपरांह अचानक शहर के करीब आधा दर्जन कॉलोनियों में रहस्मय गैस फैलने से अफरा तफरी मच गई। कई लोगों को दम घुटने की शिकायत मिलने पर लोगों ने चिकित्सकों से सलाह ली। शनिवार को अपरांह कृष्णा नगर, तेल मिल गेट, फफराना बस्ती आदि कॉलोनियों में सुबह करीब 6 बजे लोगों को अचानक घबराहट व दम घुटने जैसी शिकायत मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को समझ ही नहीं आ रहा था कि ये कैसी गैस है। रहस्मय गैस के चलते लोगों में तरह तरह की चर्चा रही। दर्जनों की संख्या में वृद्वजनों को दम घुटने की शिकायत मिलने पर उन्होंने स्थानीय चिकित्सकों से सलाह ली। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। लोगों में इस गैस को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है।

# सफाई कर्मचारी के साथ छेड़छाड़ का आरोप



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी में सफाई कर रही महिला सफाई कर्मचारी से दूसरे समुदाय के युवक द्वारा अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शनिवार को सफाई कर्मचारियों ने थाने पर हंगामा किया। नगर की एक कॉलोनी निवासी विधवा महिला नगर पालिका परिषद में ठेका पर सफाई कर्मचारी है। वह वार्ड 12 में की एक कॉलोनी में सफाई कर रही थी। इसी बीच तहकीत आया और महिला से अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करने लगा। जब महिला ने इसका विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। शनिवार को महिला सफाई कर्मचारी एकत्र होकर थाने पहुंची और जमकर हंगामा किया। महिलाओं ने आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। आरोपी की गिरफ्तारी ना होने पर नगर की सफाई व्यवस्था ठप करने की चेतावनी भी दी है। एसीपी ने बताया कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

# आईटीएस में बिजनेस मॉडल विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित



गाजियाबाद, करंट क्राइम। आईटीएस मोहन नगर में शुक्रवार शनिवार क्रिएटिंग असस्टेनेबल बिजनेस मॉडल विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के निदेशक डॉ. वी एन बाजपेयी के स्वागत भाषण दिया और कांफ्रेंस के शीर्षक की उपयोगिता व महत्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के संयोजक डॉ. मनोज के झा ने सम्मेलन का अवलोकन किया। दो दिन की कांफ्रेंस में तीन अलग अलग सत्रों में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा क्रमश डॉ. दीपक टंडन, प्रोफेसर, आईएमआई नई दिल्ली, डॉ. ओमबीर सिंह प्रोफेसर एवं प्रमुख अर्थशास्त्र विभाग, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रे.नोएडा, डॉ. अशोक शर्मा, डीन, आईएमटी- सीडीएल की अध्यक्षता में 70 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर आई टी एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर पी चड्ढा ने कांफ्रेंस के आयोजन हेतु प्रसन्नता जाहिर की। आई टी एस -द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने आयोजकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी। इस ज्ञान समृद्ध कार्यक्रम का समापन व धन्यवाद भाषण आई टी एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की निदेशक डॉ. तिमिरा शुक्ला द्वारा दिया गया।

## व्यापारी की दुकान से 5 लाख का सामान चोरी

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** परचून के थोक व्यापारी के गोदाम से पांच लाख रुपए का सामान चोरी होने की घटना उजागर हुई है। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी है। व्यापारी के यहां दो कर्मचारियों की संलिप्तता साफ दिख रही है। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने दोनों कर्मचारियों के खिलाफ चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव बिशोखर निवासी विनोद कुमार परचून का थोक का कारोबार करते है, दुकान के बगल में ही उसका गोदाम है। व्यापारी ने देखा कि उसे व्यापार में घाटा हो रहा है।

# महिलाओं ने गांव खिमावती के शराब ठेके पर जड़ा ताला

**जिला आबकारी अधिकारी के आश्वासन देने पर महिलाएं हुई शांत**



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव खिमावती से देसी शराब का ठेका हटाने की मांग को लेकर महिलाओं का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार दोपहर को महिलाओं ने शराब के ठेके का शटर गिराकर उस पर ताला लगा दिया। महिलाओं का कहना है कि अब यहां पर शराब की ब्रिकी नहीं होने दी जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और महिलाओं को शांत किया। उन्होंने महिलाओं से कहा कि जल्द ठेका यहां से हटा दिया जाएगा। गांव खिमावती में देसी शराब का ठेका हटाने की मांग को लेकर महिलाएं काफी समय से हंगामा कर रही हैं। शुक्रवार को महिलाओं ने पहले ठेके के बाहर प्रदर्शन किया और फिर पंचायत में आर पार की लड़ाई का ऐलान किया। शनिवार दोपहर को सैकड़ों महिला एकत्र होकर देसी शराब के ठेके पर पहुंचीं। महिलाओं ने सेल्समैन को ठेके से बाहर निकालकर शटर गिरा दिया और उस पर ताला जड़ दिया। महिलाओं ने कहा कि अब यहां पर शराब की ब्रिकी नहीं होने दी जाएगी। महिलाओं का कहना है कि शराब के ठेके के कारण महिलाओं के साथ अभद्रता की जाती है और अपराध भी काफी बढ़ गए है। शराब का ठेका बंद करने की सूचना मिलते ही जिला आबकारी अधिकारी थाने की पुलिस फोर्स के साथ गांव खिमावती पहुंचे और महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। महिलाओं का कहना था कि अब इस स्थान पर किसी भी कीमत पर शराब की ब्रिकी नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए चाहे यहीं पर अनिश्चितकालीन धरने पर ही क्यों न बैठना पडे। जिला आबकारी अधिकारी ने महिलाओं को ठेका हटाने का आश्वासन दिया। इसके बाद ही महिलाएं शांत हुई और वहां से चली गई।

## चुनावी रंजिश : पथराव में तीन घायल, प्रधान सहित 14 नामजद

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** हाल ही में लोकसभा चुनाव को लेकर दो पक्षों के बीच चली आ रही तनातनी के चलते बलवा हो गया। एक पक्ष के लोगों ने जहां दूसरे पक्ष के वृद्ध पर जानलेवा हमला कर तीन को घायल कर दिया। पथराव कर घर में तोड़फोड़ कर दी। आरोपी पक्ष ने जान से मारने की धमकी तक दे डाली। मौके पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी भाग निकले। पुलिस ने इस मामले में 14नामजद सहित 15-20 अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओ में मामला दर्ज कर लिया हैं।

निवाड़ी थानान्तर्गत गांव नगलामूसा निवासी परवेज के दादा सद्दाम अली खेत से लौट रहे थे, तभी प्रधान नजाकत की लोकसभा चुनाव में वोटो को लेकर कहासुनी हो गयी। कहासुनी इतनी बढ़ गयी कि प्रधान पक्ष के लोगो ने गाली गलौच करते हुयें सद्दाम अली को घेरकर लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। बीच बचाव में आये सद्दाम पक्ष के दोनों लोगों को भी पीटकर घायल कर दिया। दोनों पक्ष आमने सामने आ गये। इसके बाद प्रधान पक्ष के लोगों ने एकत्र होकर परवेज के घर पर पथराव करना शुरू कर दिया और उसके घर का सामान तक तोड़फोड़ डाला। इस बीच सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल की ओर दौड़ी।

पुलिस को देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने इस मामले में परवेज के घायल पक्षों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि बलवे के आरोप में प्रधान नजाकत, शफाकत, सददात, शारूफ, जावेद, आस मौहम्मद, तास मौहम्मद, आदिल, आकिल, शाहरूख, उसमान, फरमान, रिहान, उर्वश सहित 14 नामजद व 15-20अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया हैं। गांव में तनाव को देखते हुये पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# आईएमएस में 15वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस में 15वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन डिजिटल युग में स्थिरता, शासन और व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रो. आर.के. सिन्हा, कुलपति, जीबीयू, की नोट स्पीकर, धीरज मोदी, हेड टैलेंट एकुजेसन दक्षिण पूर्व एशिया, ओशिनिया और भारत, एरिक्सन, सुश्री मोनिका मारवाह, निदेशक, मानव संसाधन, ब्लूपीआई कंसलटिंग, डॉ. लीम गेन सिन, निदेशक, एआईबीपीएम, इंडोनेशिया और डॉ. राजीव सोरिया, प्रोफेसर और एसोसिएट डीन, बारोस्की स्कूल ऑफ बिजनेस, डोमिनिकन यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया की गारिमामयी उपस्थिति से हुई। दो दिवसीय सम्मेलन ने 500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय स्कॉलर, कॉर्पोरेट लीडरर्स और प्रतिष्ठित शोधकताओं को विचारों के समृद्ध आदान-प्रदान करने को बढ़ावा मिला और डिजिटल दुनिया में व्यापार के भविष्य को आकार देने पर चर्चा हुई। इसी दौरान महत्वपूर्ण केस स्टडी कार्यशाला का संचालन डॉ. ए.के. डे, चेयरपर्सन, सीएमसीडी, प्रोफेसर, बिमटेक के द्वारा किया गया। डॉ. नवीन विरमानी, एरिया चेयरपर्सन, ऑपरेशंस, आईएमएस गाजियाबाद के नेतृत्व में ह्यह्यव्यवस्थित साहित्य समीक्षा और ग्रंथसूची विश्लेषण का उपयोग करके अनुसंधान को बढ़ानाह्यह्य विशय पर कार्यशाला की सभी ने सराहना की। विभिन्न सत्रों में 200 से अधिक शोध प्रस्तुतियों के साथ, सम्मेलन ने डिजिटल प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ व्यापार मॉडल के बीच मजबूत संबंध पर जोर देने के लिए एक अभूतपूर्व मंच के रूप में कार्य किया। सत्र चेयरपर्सन और सह चेयरपर्सन के रूप में कॉर्पोरेट और शिक्षा जगत के कई दिग्गजों के इनपुट से समृद्ध प्रत्येक तकनीकी सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार प्रदान किए गए। एक विशेष सत्र छात्रों को समर्पित किया गया जिसमें उन्होंने अपने पोस्टर और शोध पत्र प्रस्तुत किए। संयोजक, डॉ. अजय पटेल और पूरी आयोजन टीम द्वारा समन्वित, आईएमएसआईसीओएन 2024 ने वैश्विक प्रशासन और पारिस्थितिकी तंत्र पर महत्वपूर्ण जोर देने के साथ प्रौद्योगिकी और टिकाऊ व्यापार प्रथाओं के महत्वपूर्ण अंतसंर्बंधों को संबोधित किया।

# निरंकुश प्रौद्योगिकी के कारण साइबर अपराध की जद में मासूम : चंद्रचूड़

## 'सामूहिक प्रयास की जरूरी'



**काठमांडू।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तीन दिवसीय नेपाल की यात्रा पर हैं। नेपाली मुख्य न्यायाधीश बिश्वोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ ने उन्हें निमंत्रित किया है।

नेपाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकियों का तेजी से विकास हो रहा है। इससे नाबालिगों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय डिजिटल अपराधों में भी तेजी आ रही है। इससे निपटने के लिए किशोर न्याय प्रणालियों को अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना होगा।

**किशोर न्याय की प्रकृति और समाज के आयामों के संबंधों को समझना महत्वपूर्ण :** मुख्य न्यायाधीश ने कहा, किशोर न्याय पर चर्चा करते वक्त हमें कानूनी विवादों में फंसे बच्चों की कमजोरियों और जरूरतों को समझना होगा।

किशोर न्याय की प्रकृति और समाज के आयामों के संबंधों को समझना महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा, प्रौद्योगिकी का तेजी से विकास हो रहा है। किशोर हैकिंग, साइबरबुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल उत्पीड़न सहित अन्य साइबर अपराधों में शामिल हो रहे हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुरक्षा और आसान प्रवेश प्रकृति के कारण युवा अवैध गतिविधियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

**ऐसे बढ़ा सकते हैं सहयोग :** कार्यक्रम में उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाकर किशोरों से जुड़े डिजिटल अपराधों को काबू में किया जा सकता है। जैसे-

- प्रत्यर्पण और स्वदेश वापसी के लिए प्रोटोकॉल स्थापित करना
- कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सूचना साझा करना
- सहयोग को सुविधाजनक बनाना

### प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें: सीजेआई

भारत और नेपाल के किशोर न्याय प्रणालियों का विश्लेषण करते हुए कहा न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, रोकथाम, हस्तक्षेप और पुनर्वास की रणनीतियों से हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं जो अधिक समावेशी हो। इसमें हम प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें।

उन्होंने कहा, सुधारात्मक उपायों पर ध्यान केंद्रित करके एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समाज को आकार देने में किशोर न्याय महत्वपूर्ण भूमिक निभाता है। किशोर न्याय प्रणाली युवाओं के समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मदद करती है।

# 'मैं बातचीत के लिए तैयार लेकिन सौदे के लिए नहीं', पूर्व पीएम इमरान ने तीन नेताओं को किया नामित



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान लंबे समय से जेल में बंद हैं। इस बीच, उन्होंने कहा कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन उनका जनादेश चुराने वाले लोगों के साथ वे सौदा नहीं करेंगे। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अदियाला जेल में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बातचीत केवल विरोधियों के साथ ही की जाती है। इसलिए बात उनके साथ ही होनी चाहिए, जो पीटीआई के सबसे बड़े विरोधी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इमरान ने कहा कि वे 18 महीने से कह रहे हैं कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन समझौता करने के लिए नहीं। खान ने साफ किया कि उनकी पार्टी तीन पक्षों को छोड़कर सभी के साथ बातचीत करेगी। पूर्व पीएम नवाज शरीफ का नाम लिए बिना उन्होंने कहा,ह्लसौदा वे करते हैं, जो देश छोड़ना चाहते हैं या जेल से बचना चाहते हैं ह्व खान ने कहा कि मैंने तीन लोगों को बातचीत के लिए नामित किया है। नामित लोगों में खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर, नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब और सीनेट में विपक्ष के नेता शिबली फराज हैं। बता दें, खान तोशाखाना मामले में अदियाला जेल में बंद हैं।

### आखिर क्या है तोशाखाना मामला

कहानी इमरान के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू हुई थी। 2018 में सत्ता में आए इमरान खान को आधिकारिक यात्राओं के दौरान करीब 14 करोड़ रुपये के 58 उपहार मिले थे। इन महंगे उपहारों को तोशाखाना में जमा किया गया था। बाद में इमरान खान ने इन्हें तोशखाने से सस्ते दाम पर खरीद लिया और फिर महंगे दाम पर बाजार में बेच दिया। इस पूरी प्रक्रिया के लिए उन्होंने सरकारी कानून में बदलाव भी किए।


### खान ने कहा- मेरा गिफ्ट, कुछ भी करूं

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इमरान ने 2.15 करोड़ रुपये में इन गिफ्ट्स को तोशखाने से खरीदा था और इन्हें बेचकर 5.8 करोड़ रुपये का मुनाफा कमा लिया। इन गिफ्टस में एक ग्राफ घड़ी, कफलिंक का एक जोड़ा, एक महंगा पेन, एक अंगूठी और चार रोलेक्स घड़ियां भी थीं। पाकिस्तान की कुछ मीडिया रिपोर्ट की मानें तो मामला सामने आने के बाद इमरान खान ने इसपर बयान भी दिया था। उन्होंने कहा था कि ये गिफ्ट्स उन्हें निजी तौर पर मिले हैं। इसलिए उन्हें इसे अपने पास रखने का अधिकार है। हालांकि, बाद में उन्होंने तोशखाने मामले के सारे आरोपों को बेबुनियाद बताया था।

### क्या होता है तोशाखाना?

दरअसल, पाकिस्तान के कानून के अनुसार किसी विदेशी राज्य के गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त कोई भी उपहार स्टेट डिपॉजिटरी यानी तोशाखाना में रखना होता है। अगर राज्य का मुखिया उपहार को अपने पास रखना चाहता है तो उसके लिए उसे इसके मूल्य के बराबर राशि का भुगतान करना होगा।

यह एक नीलामी की प्रक्रिया के जरिए तय किया जाता है। ये उपहार या तो तोशाखाना में जमा रहते हैं या नीलाम किए जा सकते हैं और इसके माध्यम से अर्जित धन को राष्ट्रीय खजाने में जमा किया जाता है।



## सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई

# पूर्व मंत्री ने की थी अपनी पत्नी बेरहमी से हत्या

**अस्ताना।** पत्नी की हत्या के बाद पूर्व मंत्री ने भविष्यवक्ता को किया फोन, सुनवाई में हुए चौंकाने वाले खुलासे

**अस्ताना।** कजाखस्तान के पूर्व मंत्री की हत्या का मामला इन दिनों पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग बड़ी दिलचस्पी से इसकी कोर्ट सुनवाई पर नजर बनाए हुए हैं। आरोप है कि कजाखस्तान के पूर्व मंत्री कुआंदिक बिशिम्बायेव ने अपनी पत्नी सल्तनत नुकेनोवा की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हो रही है, जिसकी सोशल मीडिया मंच पर लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही है। जिससे पूरे देश में इसे लेकर बात हो रही है। आइए जानते हैं इस मुकदमे से जुड़ी अहम बातें-

1. 31 वर्षीय सल्तनत नुकेनोवा बीते साल नवंबर में एक रेस्तरां में मृत पाई गईं थी। यह रेस्तरां सल्तनत के पति कुआंदिक बिशिम्बायेव के रिश्तेदार का है, जहां दंपति ने पूरा दिन और एक रात बिताई थी।
2. एक वीडियो फुटेज कजाखस्तान में खूब वायरल हुई थी, जिसमें पूर्व वित्त मंत्री कुआंदिक बिशिम्बायेव अपनी पत्नी सल्तनत को लात-घूंसों से पीटते नजर आ रहे हैं।
3. अदालत में बतौर सबूत पेश की गई वीडियो में दिख रहा है कि बिशिम्बायेव ने रेस्तरां के बाहर भी अपनी पत्नी को बुरी तरह पीटा। इस दौरान बिशिम्बायेव ने सल्तनत को बालों से पकड़कर खींचा और उसके चेहरे पर हमला किया।
4. बिशिम्बायेव के हमले से बचने के लिए सल्तनत एक वॉशरूम में छिप गईं तो बिशिम्बायेव ने दरवाजा तोड़ा और फिर सल्तनत को पीटा था।
5. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रेस्तरां के कर्मचारियों को निर्देश थे कि वे आपात सेवाओं या पुलिस को कोई फोन न करें। साथ ही घटना के बाद रेस्तरां की वीडियो फुटे भी डिलीट करने को कहा था।
6. पिटाई के बाद जब खून से लथपथ नुकेनोवा फर्श पर पड़ी थीं तो बिशिम्बायेव ने एक कथित भविष्यवक्ता को कॉल किया था। उस भविष्यवक्ता ने भरोसा दिया था कि नुकेनोवा ठीक हो जाएगी।
7. पिटाई के बाद जब नुकेनोवा बेहोश हो गई थी तो उसके 12 घंटे बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची थी। मेडिकल स्टाफ ने मौके पर ही नुकेनोवा को मृत घोषित कर दिया था।
8. मेडिकल रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि नुकेनोवा की ब्रेन ट्रॉमा से मौत हुई थी। पिटाई के चलते नुकेनोवा की नाक की हड्डी टूट गई थी और उनके शरीर पर चोट के कई निशान थे।

# पाकिस्तान में आधिकारिक तौर पर शुरू हुआ योग

## प्रशासन ने शुरू की मुफ्त कक्षाएं

**इस्लामाबाद।** पूरी दुनिया में लोकप्रियता हासिल करने के बाद भारत की प्राचीन शारीरिक और मानसिक एक्सरसाइज योग अब पाकिस्तान में भी आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। दरअसल पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की कैपिटल डेवलेपमेंट अथॉरिटी (उऊअ) ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर मुफ्त योग कक्षाएं शुरू करने का एलान किया है।



### पहल की लोगों ने की तारीफ

सीडीए, इस्लामाबाद के विकास के लिए जिम्मेदार संस्था है। सीडीए ने फेसबुक पर साझा पोस्ट में बताया है कि शहर के मुख्य पार्क एफ-9 में मुफ्त योग कक्षाएं संचालित की जाएंगी। पाकिस्तान के कई नागरिकों ने सीडीए के इस कदम की तारीफ की है। पहले से ही कई लोग योग कक्षाओं से जुड़ गए हैं और सोशल मीडिया पर पाकिस्तान में लोगों के योग करते हुए तस्वीरें साझा की गई हैं। एक यूजर ने सीडीए की इस पहल की तारीफ करते हुए लिखा कि ये एक अच्छी पहल है और यूजर ने मुफ्त योग कक्षाओं की टाइमिंग के बारे में भी पूछा।

### 21 जून को हर साल मनाया जाता है अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

वहीं कुछ यूजर्स ने सीडीए की आलोचना भी की और कहा कि सीडीए को अपने काम पर ध्यान देना चाहिए उन्होंने आरोप लगाया कि सीडीए बीते 35 वर्षों में एक भी नया रिहायशी इलाका विकसित नहीं कर पाया है।

गौरतलब है कि योग को साल 2014 में संयुक्त राष्ट्र से भी मान्यता मिल चुकी है और संयुक्त राष्ट्र ने हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का एलान किया है।

भारत ने इसका प्रस्ताव दिया था, जिसे रिकॉर्ड 175 देशों का समर्थन मिला था। योग का संबंध भारत से है और पाकिस्तान में अभी ये इतना लोकप्रिय नहीं है। हालांकि कई निजी संस्थान पाकिस्तान में भी योग सिखाते हैं।

# कनाडा के शीर्ष नेता ने भारत पर लगाए गंभीर आरोप



**ओटावा।** कनाडा के शीर्ष नेता जगमीत सिंह ने आरोप लगाया है कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारत ने कराई है। जगमीत सिंह इससे पहले भी भारत पर आरोप लगा चुके हैं। एक तरफ जगमीत सिंह भारत पर लगा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कनाडा की पुलिस अभी तक ऐसा कोई सबूत पेश नही कर सकी है, जिससे पता चले कि निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है।

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में जगमीत सिंह ने लिखा कि 'भारत सरकार ने कातिलों की मदद से कनाडा की धरती पर कनाडा के नागरिक की हत्या कराई, वो भी एक पूजा स्थल पर। आज इस मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है। मैं साफ कर दूं कि कोई भी भारतीय एजेंट या भारत सरकार का कोई आदमी इस मामले में संलिप्त पाया जाए तो उसके खिलाफ कनाडा के कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। कनाडा में लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी के लिए हरदीप सिंह निज्जर को न्याय मिलना जरूरी है।'

### निज्जर की हत्या में तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

जगमीत सिंह कनाडा की राजनीतिक पार्टी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के नेता हैं। जगमीत सिंह की एनडीपी पार्टी का पीएम जस्टिन टूडो की पार्टी के साथ गठबंधन है।

# फलस्तीन समर्थित प्रदर्शन में दिखे कश्मीरी झंडे, नाराज हुए भारतीय अमेरिकी



**वाशिंगटन।** फलस्तीन के समर्थन में इन दिनों अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे ही प्रदर्शन के दौरान न्यू जर्सी स्थित रटगर्स विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों ने फलस्तीन और कुर्द झंडों के साथ ही कश्मीर के अलगाववादी झंडे भी लहराए। इस पर भारतीय अमेरिकी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की है। भारतीय अमेरिकी समूहों ने रटगर्स विश्वविद्यालय के चांसलर द्वारा कश्मीरी झंडे लहराने की अनुमति देने की आलोचना की और कहा कि इससे गलत संदेश जाएगा।

**रटगर्स यूनिवर्सिटी प्रशासन के फैसले से नाराजगी :** शुक्रवार को रटगर्स विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे समूह ने बताया कि रटगर्स यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उनकी 10 में से आठ मांगें मान ली हैं। इसमें से एक मांग ये भी है कि दुनियाभर में जिन लोगों पर कब्जा है, उनके झंडे लहराए जाएं, जिनमें फलस्तीन, कुर्द के साथ ही कश्मीर का झंडा भी शामिल है। हालांकि ऐसी खबरें आ रही हैं कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने ऐसी कोई मांग नहीं मानी है।

**भारतीय अमेरिकी संगठनों ने जताई नाराजगी :** कई भारतीय अमेरिकी संगठनों ने इस पर नाराजगी जताई है।

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के सुहाग शुक्ला ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन झुक गया है। एक अन्य संगठन कोएलिशन ऑफ हिंदू ऑफ नॉर्थ अमेरिका ने भी यूनिवर्सिटी प्रशासन की आलोचना की और कहा कि 'इससे कश्मीर के अल्पसंख्यक समुदाय को नफरत और गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। इसी झंडे के नीचे कश्मीरी हिंदुओं को उनके अपने घर से विस्थापित कर दिया गया।'

# इंटरपोल महासभा में भारत ने कहा, 'अच्छे और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं'





**लियोन।** भारत ने आतंकवाद, ऑनलाइन कट्टरपंथ और साइबर सक्षम वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने और उन्हें रोकने के लिए इंटरपोल चैनलों के जरिए ठोस कार्रवाई की मांग की है। साथ ही अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं होने की बात पर जोर दिया और कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है।

**लियोन में हुई इंटरपोल की 19वीं महासभा :** फ्रांस के लियोन में हाल ही में संपन्न हुई इंटरपोल की 19वीं महासभा में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक प्रवीण सूद ने किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच सांठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों पर बात की।

सूद ने कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इसके अलावा, आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की और कहा कि 'अच्छे आतंकवाद, बुरे आतंकवाद' के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता।

सीबीआई द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इस कार्यक्रम में 136 देशों के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो ने भाग लिया, जिसका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने किया।

### भारत में सीबीआई नोडल एजेंसी

प्रत्येक देश में राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) इंटरपोल के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है। इंटरपोल में सभी सदस्य देश एक प्लेटफॉर्म अपने देश में मौजूद बड़े अपराधियों की जानकारी एक-दूसरे के साथ शेयर करते हैं। भारत में सीबीआई ऐसे मामलों में इंटरपोल के संपर्क में रहती है। सीबीआई ही इंटरपोल और अन्य जांच एजेंसियों के बीच नोडल एजेंसी का काम करती है। भारत से जब भी कोई अपराधी विदेश भाग जाता है या उसके विदेश भागने की आशंका होती है तो उसके खिलाफ लुकआउट या रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है।

# भारत के पंचायती राज में महिलाओं के नेतृत्व की यूएन में हुई तारीफ



**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा है। कंबोज ने कहा कि भारत में ग्रामीण इलाकों में प्रशासन के लिए बनी पंचायती राज व्यवस्था पर भारत गर्व कर सकता है और इससे जमीनी स्तर पर सत्ता का विकेंद्रीकरण हुआ है। साथ ही उन्होंने भारत में लैंगिक समानता की दिशा में किए जा रहे कामों का भी उल्लेख किया।

### रुचिरा कंबोज ने बताई खासियत

यूएन में भारत के सीपीडी57 साइड इवेंट में बोलते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। कंबोज ने कहा कि पंचायती राज सीधे लोकतंत्र का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें एक ग्राम सभा की पंचायत में सभी निवासियों की भागीदारी होती है। इससे सत्ता का विकेंद्रीकरण होता है। यह दुनिया में पाए जाने वाले पारंपरिक नगरपालिका प्रशासन मॉडल से अलग है और पंचायती राज व्यवस्था से समावेशी निर्णय लेने की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है।

**'भारत में लैंगिक समानता की दिशा में हुआ काफी काम' :** भारत की लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता को बताते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि 1992 में संविधान संशोधन के साथ एक अहम मील का पत्थर हासिल किया गया, जिसके तहत स्थानीय शासन में कम से कम एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गईं। जमीनी स्तर पर फैसले लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम था। कंबोज ने बताया कि आज भारत में निर्वाचित कुल 31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख से अधिक महिलाएं हैं। यह व्यापक सामाजिक बदलाव को दशार्ता है। कंबोज ने स्वीकार किया कि नेतृत्व में महिलाओं के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं, लेकिन इसके लिए सहायक कानूनी ढांचे, मजबूत क्षमता निर्माण और सहयोगी भागीदारी पर जोर देने की जरूरत है।

# प्रतिस्पर्धा रोकने को गूगल हर साल खर्च कर रहा 20 अरब डॉलर

**वाशिंगटन।** दिग्गज सर्च इंजन गूगल से जुड़े उच्च स्तरीय अविश्वास मुकदमे में अमेरिकी न्याय विभाग के वकीलों ने अपनी समापन दलील में दावा किया कि गूगल मोनोपोली (एकाधिकार) के लिए हर साल 20 अरब डॉलर से अधिक खर्च करता है। दूसरी ओर गूगल ने जोर देकर कहा कि वह अपने उपभोक्ताओं की खोजी गई जानकारी का तुरंत और बेहतर परिणाम उपलब्ध कराता है। यही उसकी सर्वव्यापकता और उत्कृष्टता का कारण है।

उच्च स्तरीय अविश्वास मुकदमे में दोनों पक्षों की दलीलें शुक्रवार को पूरी हो गई। अब अमेरिकी जिला जज अमित मेहता अगली सुनवाई में अपना फैसला सुनाएंगे।

भारतवंशी जज यह तय करेंगे कि क्या गूगल ने सर्च इंजन एकाधिकार को हासिल करने के लिए नियमों का पालन किया है या नहीं। यह बीते दो दशकों का सबसे बड़ा अविश्वास मुकदमा है।

# युद्ध के बीच हमास का रुख पड़ा नरम

## हमास मध्यस्थता वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए तैयार

**यरुशलम।** हमास और इस्त्राइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्त्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। देशभर में लोग इस्त्राइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, हमास मध्यस्थता वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हो गया है। उसने सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ मिस्त्र में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का एलान किया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, समूह के एक प्रमुख शख्स खलील अल-हय्या प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

### हमास का बयान

हमास के बयान ने एक बार फिर बातचीत के प्रति संगठन के सकारात्मक रुख को दोहराया है। बयान में कहा गया है, 'हम एक समझौते पर पहुंचने के लिए मिस्त्र जा रहे हैं। हम हमास और फलस्तीनी प्रतिरोध बलों में एक समझौते पर पहुंचे के लिए दृढ़ हैं। हमले की समाप्ति, बंधकों की वापसी, विस्थापितों की वापसी, राहत और पुनर्निर्माण और एक गंभीर विनिमय सौदे के लिए हमारे लोगों की मांगों को पूरा करता है।'



### अमेरिका ने इस्त्राइल को चेताया

इस बीच, व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरिन जीन पियरे ने दक्षिणी शहर राफा में संभावित बड़े सैन्य अभियानों के संबंध में इस्त्राइल को चेताया है। जीन-पियरे ने नागरिकों के जीवन की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि लोगों के जीवन की रक्षा हो। हमें विश्वास है कि इस्त्राइल सरकार हमारी चिंताओं को ध्यान में रखने जा रही है।

**समझौते पर पहुंचने को प्राथमिकता दें :** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटारेस ने इस्त्राइल और हमास दोनों से आग्रह किया है कि वे दोनों एक समझौते पर पहुंचने को प्राथमिकता दें। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में गुटारेस ने संघर्ष को बढ़ने से रोकने के लिए बातचीत के जरिए समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही कहा, 'गाजा के लोगों, बंधकों और उनके परिवारों, क्षेत्र और व्यापक दुनिया की खातिर मैं इस्त्राइल सरकार और हमास नेतृत्व को उनकी वार्ता में एक समझौते पर पहुंचने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करता हूं।'

**यह है मामला :** हमास ने सात अक्तूबर को इस्त्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरूआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्त्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्त्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्त्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है।

# वरदान हॉस्पिटल में किया गया दिव्यांग बच्चों के लिए नेशनल हेल्थ फेस्ट का आयोजन

## इस तरह के कार्यक्रम प्रदेश के हर जिले में कराये जाएंगे: ललित जायसवाल












**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** स्पेशल ओलंपिक भारत की राज्य समिति के सदस्य ललित जायसवाल ने कहा है कि स्पेशल ओलम्पिक भारत दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाला एक प्रमुख और सक्षम संगठन के रूप में समाज में जाना जाता है।

स्पेशल ओलंपिक भारत ने वर्ष 2023 में बर्लिन ओलंपिक्स में 199 मैडल लाकर भारत के गौरव को बढ़ाने का काम किया। करोना महामारी के बाद जब दो वर्ष तक मानसिक दिव्यांगता क्षेत्र में काम करने वाले बच्चों सहित सम्पूर्ण समाज घरों में रह रहा था तब स्पेशल ओलंपिक भारत ने यह लक्ष्य तय किया कि अब हमारे बच्चे घरों से बाहर निकलेंगे और पुनः खेल के क्षेत्र से लेकर अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ेंगे। इसी क्रम में स्पेशल ओलंपिक्स भारत-उत्तर प्रदेश के द्वारा शनिवार को वरदान सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में दिव्यांग बच्चों के लिए नेशनल हेल्थ फेस्ट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नोवमान अहमद प्रबंध निदेशक- एच.एस.सी.सी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों को उनकी संस्था की ओर से हमेशा हर मुमकिन सहायता प्रदान की जायेगी।

विशेष अतिथि के रूप में मुकेश शुक्ला अध्यक्ष-स्पेशल ओलंपिक्स भारत- ने कहा कि स्पेशल ओलंपिक्स कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में हो इसके प्रयास में संस्था निरंतर प्रयास कर रही है। कार्यक्रम के आयोजक व राज्य समिति के सदस्य ललित जायसवाल ने कहा कि हम इस स्वास्थ्य कैंप को उत्तर प्रदेश के हर जिले तक लेकर जाएंगे। वरदान अस्पताल में लगने वाले इस कैंप को लगातार जारी रखा जायेगा, दिव्यांग बच्चों के लिए हम हर मुमकिन प्रयास करेंगे। स्पेशल ओलंपिक भारत-उत्तर प्रदेश के के. वी. एस. सिरोही चेयरमैन- वरदान स्पेशलिटी हॉस्पिटल सीएमओ गाजियाबाद, एमिटी विश्वविद्यालय, स्पेशल ओलंपिक्स भारत की पूरी टीम एवं एच.एस.सी.सी को विशेष धन्यवाद देता है। नेशनल हेल्थ फेस्ट-2024 को सफल कार्यक्रम बनाने में योगदान देने वाले सभी प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों, प्रायोजकों और समर्थकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। इस उद्देश्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता की सराहना करता है।

### 600 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया



**करंट क्राइम।** नेशनल हेल्थ फेस्ट में उत्साहजनक उपस्थिति और प्रभावशाली भागीदारी देखी गई, जिसमें 600 दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य की जांच समर्पण भाव के साथ की गई। इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को प्राथमिकता देना है, यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें वह देख-रेख और समर्थन मिले जिसके वे हकदार हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मल्लिका नड्डा उपस्थित रहीं और उन्होंने स्पेशल ओलंपिक्स-उत्तर प्रदेश के नये कामों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ कैंप देश भर में आयोजित करने चाहिए।

# मधुवन-बापूधाम के व्यवसायिक भूखंडों की रजिस्ट्री करा सकते हैं आवंटी




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** जीडीए सचिव ने मधुबन-बापूधाम योजना का निरीक्षण करने के उपरान्त शनिवार को यहां आवंटित डिस्ट्रिक्ट सेण्टर के छोटे-छोटे कुल 127 व्यवसायिक भूखण्डों की रजिस्ट्री का कार्य शुरू करने के निर्देश दिये।

विदित हो कि मधुबन-बापूधाम के व्यवसायिक भूखण्ड संख्या सी/एसपी-132 व सी/ एसपी-13 के आवंटी कौशल कुमार शर्मा द्वारा दोनों भूखण्डों की रजिस्ट्री हेतु पूर्व में ही दिनांक 22.02.2024 को आवेदन किया गया था। शनिवार को उन्होंने सचिव कार्यालय में उपस्थित होकर एवं अपने प्रार्थना पत्र के साथ जमा धनराशि की रसीदें, आई.डी. प्रूफ, आधार कार्ड व अन्य अभिलेख प्रस्तुत किये हैं। जमा धनराशि की रसीदों का कैश काउण्टर से सत्यापन कराकर लेखा गणना की जांच कर ली गयी है। मधुबन-बापूधाम योजना के व्यवसायिक भूखण्डों के आवंटियों को सूचित करना है कि अपने भूखण्ड की रजिस्ट्री कराने के लिए दिये जाने वाले आवेदन पत्र के साथ जमा धनराशि के रसीदों की छायाप्रति, अपना आई.डी. प्रूफ (आधार व अन्य प्रमाण पत्र) एवं रु0 50.00 लाख से अधिक मूल्य की सम्पत्तियों की रजिस्ट्री कराने के लिए फार्म 26-क्यूबी संलग्न करना आवश्यक होगा।

# नगर आयुक्त की पहल पर निराश्रितों को आसरा दे रहा निगम

## जोनल प्रभारियों ने अपने-अपने जोन में संभाल रखी है कमान

### सड़क किनारे सोने वालों को पहुंचाया जा रहा है शेल्टर होम







**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** अगर दिल में जज्बा हो तो कोई काम ऐसा नहीं जो इंसान न कर सके। ऐसा ही कुछ इरादा लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक निरंतर जनहित की सोच रखते हुए शहर की जनता के साथ कुछ अच्छा करते रहते हैं। नगर आयुक्त ने अब सड़क के किनारे सोने वालों को शेल्टर होम पहुंचाने के लिए निगम अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

इसी क्रम में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत सभी जोन में रात्रि के समय जोनल प्रभारी प्रवर्तन दल टीम अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हैं तथा कोई सड़क किनारे सोता मिलता है तो उसको पास के आश्रय स्थल में भेजे जाने की कार्यवाही को पूर्ण कर रहे हैं। रात्रि 7:00 से लेकर लगभग 11:00 तक गाजियाबाद नगर निगम की टीम सड़कों पर दुर्बल वर्ग के आश्रयहीन व्यक्तियों को सड़क किनारे से रेन बसेरों तक पहुंचाने के कार्य में जुटी रहती है।

कौशांबी मेट्रो स्टेशन, आनंद विहार रोड, मोहन नगर बस स्टैंड, शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन, शास्त्री नगर चौराहा, नया में पुराना बस स्टैंड, कविनगर फ्लाईओवर, घंटाघर जीटी रोड, नया रेलवे स्टेशन गाजियाबाद व अन्य क्षेत्र में जहां भी निराश्रित सड़कों पर सोते हुए मिलते हैं उनको पास के रैन बसेरे में जोन की टीम द्वारा छोड़ा जाता है। वसुंधरा जोन अंतर्गत ईडीएम मॉल कौशांबी रैन बसेरे, सिटी जोन अंतर्गत ग्रीनहाउस नासिरपुर फटक के पास रेन बसेरा, मोहन नगर जोन अंतर्गत लाजपत नगर का रैन बसेरा, कवि नगर जोन अंतर्गत आरडीसी स्थित रैन बसेरा तथा विजयनगर जोन अंतर्गत कुटी मंदिर सेक्टर 11 प्रताप विहार रैन बसेरा जिसमें निराश्रितों को रात्रि सोने के लिए भेजा जाता है, नगर आयुक्त द्वारा शहर के जागरूक निवासियों से, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी से तथा सामाजिक संस्थाओं से भी अपील की गई है कि खुले में सड़क पर यदि कोई निराश्रित होता है तो उसको पास के शेल्टर होम में भेजा जाए जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम के जोनल प्रभारी से भी संपर्क कर सकते हैं।

# चौकी प्रभारी की कार्यशैली से आहत होकर एसीपी से मिले




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजय नगर निवासी रोहित व उनके परिजनों ने सेक्टर 9 चौकी प्रभारी थाना विजय नगर के झूठे आश्वासन से आहत होकर बालाजी कोल्ड ड्रिंक डिस्ट्रीब्यूटर मलिक राजू व संजीव के गोदाम पर जाकर हंगामा किया। पीड़ित रोहित व उनके परिवार वालों ने हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष देहात राजकुमार से मदद की गुहार की। राजकुमार ने तुरंत जाकर पीड़ित को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया और एसीपी घंटाघर कोतवाल से मुलाकात कराई। एसीपी ने तुरंत दिए जांच के आदेश दिये हैं।

# डीडीपीएस स्कूल प्रबंधन के खिलाफ पैरेंट्स का धरना जारी, सदबुद्धि के लिए किया यज्ञ




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** बच्चों को स्कूल की दूसरी ब्रांच में शिफ्ट करने के विरोध में अभिभावकों का डीडीपीएस पर धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। तीसरे दिन अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन की सदबुद्धि के लिए यज्ञ भी किया। धरने पर बैठे अभिभावकों व सेवाराम त्यागी द्वारा आर्य समाज की वैदिक परंपरा के अंतर्गत यज्ञ किया गया। भारी संख्या में उपस्थित पेरेंट्स द्वारा सद्बुद्धि के लिए सामग्री की आहुति दी गई। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के सदस्य अपने बच्चों को डीडीपीएस स्कूल सेक्टर 23 संजय नगर की ब्रांच से मधुबन बापूधाम ब्रांच जो कि सेक्टर 23 से लगभग 12 किलोमीटर दूर नहीं भेजने की मांग को लेकर आज तीन दिन से अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे हैं।

अभिभावकों की मांग है कि उनके बच्चों को नई ब्रांच में न भेजा जाए लेकिन शिक्षा अधिकारी और जिला प्रशासन 25 दिन से स्कूल से पेरेंट्स की इस जायज मांग को मनवाने में असफल हैं। जीपीए की अध्यक्ष सीमा त्यागी और सचिव अनिल सिंह का कहना है कि स्कूल किसी भी अधिकारी की बात मानने के लिए तैयार नहीं है लेकिन जब तक इन बच्चों और इनके अभिभावकों को न्याय नहीं मिलता तब तक हम अभिभावकों के साथ धरने पर डटे रहेंगे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कुछ संस्कार होते हैं जिनका आधार ही परिवार होते हैं। चंदन अधिकारी के पुत्र चैतन्य के अन्नप्राशन संस्कार को बुआ ने सम्पन्न कराया। ये पल इस बात का साक्षी बना कि सनातन संस्कृति में रिश्तों की एक डोर है और यही संबंधों का छोर है। परिवार संस्कृति धर्म का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।